केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

17 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

मालवा हेराल्ड

सुविचार

जीवन में कुछ दोस्ती 'नादानों' से भी रखना जरूरी है.. क्योंकि जरुरत पड़ने पर समझदार लोग अधिकतर व्यस्त रहते हैं...

वर्ष : 17 अंक : 114 | उज्जैन, शनिवार 03 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी की तरह है माउथ ऑर्गनः मुख्यमंत्री

भोपाल की सांस्कृतिक धरा पर हो रहा है अखिल भारतीय हार्मोनिका महोत्सव

भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि माउथ ऑर्गन भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी के समान है। दोनों में सातों स्वर समाहित हैं। ईश्वर ने हमारे रोम-रोम में स्वरों का स्पंदन दिया है, बारिश की बूंद के आधार पर पैदा होने वाली ध्वनि से महादेव का डमरू दुनिया का पहला वाद्य यंत्र बना। यह सौभाग्य का विषय है कि प्रदेश में महाकाल और ओंकारेश्वर 2 ज्योतिर्लिंग हैं। बाबा महाकाल हमें जीवन देते हैं और ओंकारेश्वर के ? की ध्वनि से ही हम संगीत का रसास्वादन करते हैं। प्रभु श्री राम और भगवान श्रीकृष्ण के काल से ही हमारी संस्कृति में 64 कला और 14 विधाओं का विशिष्ट स्थान रहा है। हमारे सभी देवी-देवताओं के पास कोई एक वाद्य यन्त्र अवश्य मिलता है, देवताओं के हाथों में एक ओर शस्त्र नजर आता है तो दूसरी ओर शास्त्र। इन दोनों का मेल केवल सनातन संस्कृति में ही मिल सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार 13वें भारतीय हार्मोनिका महोत्सव 2026 के अंतर्गत इंडियन माउथ ऑर्गन प्लेयर्स मीट - 2026 के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में

माउथ ऑर्गन वादकों के अखिल भारतीय सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थी।

मध्यप्रदेश की धरती से संगीत परंपरा समृद्ध हो रही है- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर भोपाल में भारतीय हार्मोनिका महोत्सव के विशेष आयोजन में देश के 16 राज्यों से लगभग 180 कलाकार प्रदेश की राजधानी भोपाल में जुटे हैं। इस अद्भुत आयोजन में 7 से 87 वर्ष की आयु तक के कलाकार अपनी माउथ ऑर्गन की प्रस्तुतियों से सभी को आनंदित कर रहे हैं। यह आयोजन केवल कलाकारों का मिलन नहीं है, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों की भाषाई और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आने वाले हार्मोनिका के साधकों का महाकुंभ है। वर्तमान समय में मध्यप्रदेश की धरती से संगीत परंपरा समृद्ध हो रही है। राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए कला-संस्कृति, उदयीमान कलाकारों सहित प्रत्येक क्षेत्र को आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी भी माउथ ऑर्गन के जैसी थी। उज्जैन स्थित श्री महाकाल मंदिर में प्राचीन वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई है।

राज्य सरकार कला संस्कृति को कर रही है प्रोत्साहित- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विरासत से विकास के संकल्प के आधार पर मध्यप्रदेश सरकार कला-संस्कृति क्षेत्र को विशेष प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। प्रदेश की सांगीतिक परम्परा संगीत सम्राट तानसेन, बैजू बावरा और कुमार गंधर्व जैसी विभूतियों से समृद्ध रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत की कल्पना की है। प्रधानमंत्री श्री मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में देश के प्राचीन वाद्यों के कलाकारों का जिक्र करते हैं। भारत सरकार वाद्य यंत्रों के साधकों को पद्म पुरस्कार देकर सम्मानित भी कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय गीत-संगीत की परंपरा में बंगाल के कलाकारों का विशेष योगदान रहा है। प्रसिद्ध संगीतकार आरडी बर्मन और सचिन देव बर्मन, मिलन गुप्ता, अशोक भंडारी और उनके शिष्यों ने अपनी साधना से देश-दुनिया में भारत का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती खंडवा से ही निकलकर किशोर कुमार देश के महान गायक बने। कार्यक्रम में 7 से लेकर 87 वर्ष के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से बांधा समां।

कार्यक्रम में 17 वर्षीय सुश्री सिद्धि सोनी ने महात्मा गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन... से शुरुआत कर रघुपति राघव राजा राम सहित अनेक भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आग्रह पर 87 वर्षीय श्री वी.एम. त्रिवेदी और भारतीय हार्मोनिका ग्रुप के संस्थापक श्री अनुपम पॉल ने आ जा सनम मधुर चांदनी में... जैसी सुमधुर धुनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कर्नाटक के बेंगलुरू से आए श्री सांई तेजस ने शम्मी कपूर के फिल्मी गीतों पर हार्मोनिका की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माउथ आर्गन वादकों की प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री नीरज मंडलोई, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री श्रीमन शुक्ला, श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री श्री गौरव रणदिवे उपस्थित थे।

न्यूज ब्रीफ

जुर्माना भर कर आगे नहीं बढ़ाया जा सकता, वाहनों की ओवरलोडिंग पर सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश

नई दिल्ली/ जीएनएस। ये नहीं हो सकता कि ओवरलोडिंग करके जा रहा कोई ट्रक या अन्य वाहन जुर्माना भर कर आगे बढ़ जाए। जुर्माना भर कर ओवरलोड वाहन को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि ओवरलोडिंग सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। शीर्ष अदालत ने ओवरलोडिंग के खतरे बताते हुए उस पर रोक की मांग वाली अर्जी में दिये सुझावों को स्वीकार कर लिया है। जिसके मुताबिक निर्धारित सीमा से अधिक भार लेकर चलने वाले वाहन को अतिरिक्त भार उतारे बिना आगे जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। कोई ओवरलोड वाहन जुर्माना भर कर आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। ये आदेश न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने सड़क सुरक्षा और मोटरवाहन नियमों के अनुपालन से संबंधित मामले में सुनवाई के दौरान गत 28 सितंबर को दिये। कोर्ट ने वकील केसी जैन की अर्जी में ओवरलोडिंग वाहनों से सड़क सुरक्षा को होने वाले गंभीर खतरे और इस पर रोक लगाने के लिए दिये गए सुझाव और की गई मांगे स्वीकार कर ली। कोर्ट ने अर्जी में की गई मांगों पर सभी राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों, एनएचएआइ और संबंधित सड़क प्राधिकरणों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। मामले पर सुनवाई के दौरान जैन ने अर्जी पर स्वयं बहस करते हुए न सिर्फ ओवरलोडिंग की समस्या का उल्लेख किया बल्कि यह स्पष्ट किया कि वर्तमान में केवल पेनाल्टी या अतिरिक्त शुल्क वसूल करके ओवरलोड वाहनों को आगे जाने देना सड़क सुरक्षा के उद्देश्य को पूरा नहीं करता। उन्होंने अनुरोध किया कि ओवरलोड वाहनों को रोका जाए, अतिरिक्त भार उतरवाया जाए, वाहन का पुन- भार मापा जाए और निर्धारित सीमा के भीतर आने के बाद ही उसे जाने दिया जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि एनएचएआई द्वारा तैयार की गई ओवरलोडिंग संबंधी मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) जो कि केरल हाई कोर्ट में एक संबंधित मामले पर सुनवाई के दौरान पेश की गई थी, को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

उसमें कोई अंदरूनी ताकत थी, बेटे की बहादुरी पर बोले कैप्टन स्मित मच्छर के पिता

नई दिल्ली/ जीएनएस। जब हीरो पायलट कैप्टन स्मित मच्छर के माता-पिता को जब कॉकपिट में उनके बेटे के साथ हुई घटना और उसकी बहादुरी के बारे पता चला, तब उन्हें सबसे पहले डर महसूस हुआ। लेकिन कुछ ही देर में वे शुरुआती सदमे से उबर गए और सीधे मंदिर पहुंचे और वहां बेटे की सलामती की प्रार्थना की। कैप्टन स्मित के पिता भूपेंद्र मछार ने अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल कुछ घंटों को याद करते हुए बताया, हमने प्रार्थना की, हे भगवान, चाहे कुछ भी हो, कोई बुरी खबर न आए; कृपया उसे बचा लें। एनडीटीवी को दिए एक इंटरव्यू में कैप्टन स्मित मच्छर के पिता भूपेंद्र मछार ने बताया कि किस तरह से उस कठिन समय में परिवार ने खुद को संभाला। उन्होंने बताया, किसी भी माता-पिता की तरह सबसे पहले मन में खौफ और सदमा ही आया था। हमने तुरंत भगवान के सामने दीया जलाया और प्रार्थना की। पिता भूपेंद्र मछार अपने बेटे के इस अदम्य साहस का श्रेय ईश्वर की कृपा को देते हैं। उन्होंने कहा, इस तरह की स्थिति के लिए किसी को खास ट्रेनिंग नहीं दी जाती। यह भगवान की कृपा और अंदरूनी ताकत थी कि जब संकट आया, तो स्मित ने अपनी पूरी ताकत लगाकर मुकाबला किया। उनके मन में बस एक ही बात थी कि पीछे बैठे किसी भी यात्री की जान नहीं जानी चाहिए। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि हालांकि पूरी दुनिया के लिए यह गर्व का पल है, लेकिन एक साधारण परिवार होने के नाते उनके, उनकी पत्नी और स्मित की पत्नी के लिए इस समय सबसे बड़ी प्राथमिकता स्मित की सेहत है।

कर्नाटक चुनाव से पहले सियासी भूचालः सीएम शिवकुमार का आरोप- 45 लाख मतदाताओं के नाम अवैध रूप से हटाने का षड्यंत्र

बेंगलुरु/ जीएनएस। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने राज्य में जारी एसआइआर के तहत मतदाता सूची से 45 लाख से अधिक वोट अवैध रूप से हटाने के लिए बड़े पैमाने पर साजिश रचे जाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया को एक बड़ा धोखा करार दिया है।

एक प्रेस कान्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों, दलितों और अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं के नाम जानबूझकर सूची से हटाए जा रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की जानकारी के बिना यह अवैध खेल संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि विजयपुरा, भाल्की, बेलगावी और बेंगलुरु समेत कई निर्वाचन क्षेत्रों में थोक में फार्म-7 आवेदन दाखिल किए गए हैं, जिनका इस्तेमाल नाम हटाने के लिए आपत्ति दर्ज कराने में होता है। शिवकुमार ने आरोप लगाया कि पहले से मुद्रित इन फार्मों को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भारी मात्रा में जमा कराया गया, जिससे मतदाताओं का संवेदनशील डाटा लीक होने का गंभीर सवाल खड़ा होता है।

उन्होंने विजयपुरा और भाल्की का उदाहरण देते हुए कहा कि कई लोगों ने सैकड़ों की संख्या में आवेदन दिए, जिन्हें बाद में कानूनी कार्रवाई के डर से वापस ले लिया गया। मंत्री ईश्वर खंड्रे का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि प्रभावित मतदाताओं ने पुलिस से संपर्क कर फर्जीवाड़े की शिकायत की है। बेलगावी, भाल्की और मैसुरु जैसे स्थानों पर इस सिलसिले में एफआईआर भी दर्ज हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग से मांग की है कि इस वोट चोरी के पीछे के दोषियों के खिलाफ सख्त आपराधिक जांच शुरू की जाए और तत्काल कार्रवाई हो।

रिचार्ज प्लान पर TRAI ने कंपनियों को लताड़ा, कहा- ये खेल अब नहीं चलेगा

नई दिल्ली/ जीएनएस। दूरसंचार नियामक ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों से कहा है कि वे अपनी वेबसाइट, मोबाइल एप और एक्सक्लूसिव पाइंट ऑफ सेल पर जरूरी रिचार्ज प्लान और स्पेशल टैरिफ वाउचर का डिस्प्ले जरूर करें।

ट्राई का यह निर्देश ग्राहकों की उस शिकायत के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि कंपनियों ने अपनी वेबसाइट और एप पर प्लान इस तरह से रखे थे कि वे आसानी से दिखाई नहीं देते थे। दूरसंचार कंपनियों को निर्देश जारी होने की तारीखा से तीस दिनों के अंदर आदेश का पालन करना होगा। हाल ही में, ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को वायस काल और एसएमएस के लिए कम कीमत वाले विशेष टैरिफ वाउचर जारी करने का निर्देश दिया था। विशेष टैरिफ वाउचर (एसटीवी) प्रीपेड मोबाइल ग्राहकों के लिए बूस्टर रिचार्ज की तरह काम करता है, जिससे वे इन वाउचर के जरिये ज्यादा पैसे देकर अतिरिक्त लाभ उठा सकते हैं।

सुपारी सिंडिकेट पर ईडी का शिकंजा, बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में 20 ठिकानों पर एक साथ छापे

सिलीगुड़ी/ जीएनएस। ईडी ने गुरुवार को सुपारी सिंडिकेट और मनी लांड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में एक साथ बड़ी कार्रवाई की। करीब 1500 करोड़ रुपये की वित्तीय हेराफेरी से जुड़े मामले में सामने आए तथ्यों और सुरागों के आधार पर ईडी की अलग-अलग टीमों ने उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी और कूचबिहार समेत असम व मिजोरम के करीब 20 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा।

कार्रवाई सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई, जो देर रात तक जारी रही। सभी स्थानों पर सुरक्षा के लिए केंद्रीय बलों के जवानों की तैनाती की गई थी।

जांच के दौरान जमीन से जुड़े दस्तावेज, बैंक खातों के कागजात, डिजिटल उपकरण और व्यापारिक बही-खातों को जब्त किए जाने की जानकारी सामने आई है। जांच से जुड़े सूत्रों के अनुसार जब्त दस्तावेज में करोड़ों रुपये की संपत्तियों से संबंधित कागजात भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार सिलीगुड़ी में तलाशी के दौरान बेहिसाब नकदी मिलने के बाद दोपहर में बैंक से नोट गिनने की मशीन मंगाई गई। हालांकि, बरामद नकदी की आधिकारिक पुष्टि समाचार लिखे जाने तक नहीं हुई थी।

शाम और रात में ईडी अधिकारियों को भारी ट्रंक और दस्तावेज लेकर बाहर निकलते देखा गया। यहां 15 घंटे से अधिक समय तक तलाशी चली।

जयपुर के शोरूम से चार करोड़ की 251 घड़ियां चोरी, शटर तोड़कर अंदर पहुंचे थे बदमाश

जयपुर/ जीएनएस। राजस्थान में राडो घड़ी के शोरूम से चार करोड़ रुपये की 251 घड़ियां चोरी हो गई। जयपुर के टोंक रोड़ क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब चार बजे यह वारदात हुई है। वारदात में पांच आरोपित शामिल थे।

शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में दो आरोपित बैग में घड़ियां भरते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं तीन आरोपित शोरूम के शटर के बाहर बैठे दिखाई दे रहे हैं।

शोरूम प्रबंधक ने चोरी की सूचना मिलने पर बजाज नगर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपित लोहे की राड से शटर तोड़कर शोरूम के अंदर पहुंचे थे। करीब 36 मिनट में उन्होंने पूरे वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस उपायुक्त रंजीता शर्मा ने बताया कि चोरों को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई है।

शोरूम मालिक और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। आरोपितों को सीसीटीवी लगे होने का पता था। इस कारण वो सीसीटीवी की डीवीआर की तलाश करते रहे।

शोरूम में लगे साउंड सिस्टम को डीवीआर समझ कर निकाल ले गए। हालांकि, भागते हुए उन्हें अपनी गलती का पता चल गया। वे गेट पर ही साउंड सिस्टम को छोड़ कर भाग गए।

अब व्यक्तिगत आयकर की गणना सीखेंगे कक्षा नौ के बच्चे, एनसीईआरटी ने पहली बार स्कूली कोर्स में शामिल किया नया पाठ्यक्रम

नई दिल्ली/ जीएनएस। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए पहली बार कक्षा नौ के पाठ्यक्रम में व्यक्तिगत आयकर को शामिल किया है।

सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक भारत और उससे बाहर समाज को समझना-भाग 2 में व्यक्तिगत आयकर की गणना को एक नए अध्याय के रूप में जोड़ा गया है।

एनसीईआरटी के प्रमुख दिनेश प्रसाद सकलानी ने बताया कि छात्र नई व्यवस्था (न्यू रिजीम) के तहत स्लैब के हिसाब से आयकर की वास्तविक गणना को समझ सकते हैं। इस आयु के बच्चों को पहली बार टैक्स स्लैब के बारे में पढ़ाया जाएगा।

अपनी व्यक्तिगत आय का प्रबंधन करना शीर्षक वाले अध्याय में कहा गया है कि पैसे का प्रबंधन करने की यात्रा बचपन से ही शुरू हो जाती है। इस अध्याय में नई आयकर व्यवस्था के तहत टैक्स स्लैब की एक तालिका दी गई है।

इसमें स्लैब के अनुसार कर की देनदारी का हिसाब लगाने के तरीके भी विस्तार से बताए गए हैं। इसमें पुरानी कर व्यवस्था (ओल्ड रिजीम) का कोई उल्लेख नहीं है।

उल्लेखनीय है कि नई कर व्यवस्था को एक अप्रैल, 2023 से डिफाल्ट बना दिया गया है। इसका मतलब है कि करदाताओं को अपने-आप इसमें शामिल कर लिया जाता है, जब तक कि वे खास तौर पर पुरानी व्यवस्था को न चुनें।

मध्यकाल में राजनीतिक सत्ता को भी वैधता देते थे मंदिर- कक्षा नौ के सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में कहा गया है कि 1000-1700 ईस्वी (मध्यकाल) के दौरान मंदिर न केवल महत्वपूर्ण आर्थिक संस्थान थे, बल्कि राजनीतिक सत्ता को वैधता देने का काम भी करते थे।

उस कालखंड में मंदिर सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक जीवन के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में कार्य करते थे। प्रतिरोध का विचार केवल लड़ाइयों और राजनीतिक संघर्षों तक ही सीमित नहीं है।

इसमें संस्थाओं और परंपराओं को बचाए रखना भी शामिल है, जिसमें मंदिरों की अहम भूमिका है। इन मंदिरों के देवताओं को राज्य और वहां के लोगों का रक्षक माना जाता था।

मैं घायल था, लेकिन यात्रियों को मरते नहीं देख सकता था; पीएम मोदी से वीडियो कॉल पर बोले पायलट स्मित मछार

नई दिल्ली/ जीएनएस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को फ्लाईदुबई के भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मछार से वीडियो कॉल पर बात की और एक बड़े विमान हादसे को टालने के लिए उनके अदम्य साहस की सराहना की।

बुधवार को दुबई से तेल अवीव जा रही उड़ान के दौरान ओमानी मूल के को-पायलट ने कैप्टन स्मित पर चाकू से हमला कर विमान को क्रैश कराने की कोशिश की थी।

हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद कैप्टन स्मित ने सूझबूझ से कॉकपिट का दरवाजा खोला, जिसके बाद यात्रियों और क्रू मेंबर्स ने हमलावर को काबू किया। बोइंग 737 मैक्स विमान मात्र 30 सेकंड में करीब 14,000 फीट नीचे आ गया था, जिसे विमान में मौजूद दो अन्य ऑफ-ड्यूटी पायलटों ने संभालते हुए सऊदी अरब के तबुक में सुरक्षित लैंड कराया।

कॉकपिट में मौत से संघर्ष के वो खौफनाक पल-मूल रूप से गुजरात के रहने वाले कैप्टन स्मित मछार बातचीत के दौरान भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि कॉकपिट में उन पर कई वार किए गए थे और वे खून से लथपथ होकर नीचे गिर गए थे।

उन्होंने बताया कि मुझे विमान उड़ाते हुए 17 साल और कैप्टन के रूप में 11 साल हो चुके हैं। मेरे पास 9,750 से ज्यादा घंटों का उड़ान अनुभव है, इसलिए मैं आंखें बंद करके भी समझ सकता हूं कि विमान के साथ क्या हो रहा है।

नीचे गिरे होने के बावजूद मुझे महसूस हो गया था कि विमान तेजी से नीचे की ओर गोता लगा रहा है। मुझे लगा कि अगर मैंने कुछ नहीं किया, तो हम सब मारे जाएंगे। इसके बाद उन्होंने किसी तरह कॉकपिट का दरवाजा खोला और लोगों की मदद से विमान सुरक्षित बच सका।

गंभीर चोट के बाद भी आपने यात्रियों की जान को प्राथमिकता दी अस्पताल के बिस्तर से बात कर रहे कैप्टन स्मित से प्रधानमंत्री ने कहा कि आपके साहस, धैर्य और सूझबूझ ने अनगिनत लोगों की जान बचाई है। आप खुद गंभीर रूप से घायल थे और जिंदगी की जंग लड़ रहे थे, फिर भी आपने अपनी परवाह किए बिना यात्रियों की जान की चिंता की। आज आपके इस पराक्रम से 140 करोड़ भारतीयों का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है।

सेवा मेरा योगदानः भाजपा ने 85 वार्डों में चलाया स्वच्छता अभियान

इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत 2 अक्टूबर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर भाजपा द्वारा इंदौर के सभी 85 वार्डों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इसी क्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा कृष्णपुरा छत्री स्थित कान्ह नदी के घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने घाटों की सफाई की तथा वहां जमी गाद को गेती-फावड़े की मदद से हटाया। इस दौरान मोर्चा उपाध्यक्ष प्रकाश राठौर, प्रदेश मंत्री मोहित वर्मा, राजेश चौहान, मोर्चा नगर अध्यक्ष निखिल सोनी, पार्षद रूपाली पेंढारकर, जीतू कुशवाह, नगर महामंत्री अजीत कुशवाह, गीता कुशवाह, राकेश सोमावत, रोहित यादव, शुभम सोलंकी, नितेश चौरसिया, रवि पांचाल और गब्बर खाटवा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वार्ड क्रमांक 6 में सांसद शंकर लालवानी, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, पार्षद संध्या यादव, जयदीप जैन, भूपेंद्र पोद्दार और अमित पालीवाल ने बड़ा गणपति स्थित मोदीजी की नसिया में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। वहीं विधायक रमेश मेंदोला, महामंत्री सुधीर कोल्हे, हेमराज वाडिया, पार्षद बालमुकुंद सोनी, मंडल अध्यक्ष गुड्डू कुमाऊं और कालू गगोरे ने मालवीय नगर स्थित भूसा मंडी के राम प्यारे हनुमान मंदिर के समक्ष सफाई अभियान चलाया।

विधायक महेंद्र हार्डिया, महामंत्री कैलाश पीपले, पार्षद प्रणव मंडल, लक्ष्मी अनिल गौहर और राजेश चौधरी ने वार्ड क्रमांक 48 में बड़ी ग्वाल टोली स्थित राम मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि इंदौर के सभी 85 वार्डों में भाजपा के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर सेवा कार्य में योगदान दिया।

सुमित मिश्रा ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था और देश की आजादी के साथ स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण पर भी जोर दिया था। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में लालकिले की प्राचीर से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी और इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनप्रतिनिधियों के साथ अपने-अपने वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाकर सेवा कार्य में भागीदारी की।

मास्टर प्लान सड़क निर्माण में बाधक पांच मंजिला भवन का हिस्सा पोकलेन से हटाया

इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। मास्टर प्लान सड़क निर्माण में आ रहे बाधक हिस्सों को हटाने के लिए नगर निगम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर सुबह 6 बजे से मधु मिलन चौराहा से छावनी चौराहा तक निर्माणाधीन सड़क के मार्ग में आ रहे बाधक हिस्सों को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान छावनी चौराहा स्थित मथुरावाला और बसंत रावत के भवनों के बाधक हिस्से तीन पोकलेन मशीनों और अन्य संसाधनों की मदद से हटाए गए। निगम अधिकारियों के अनुसार छावनी चौराहा स्थित मथुरावाला के पांच मंजिला भवन के बाधक हिस्से को पहले मैनुअल तरीके से हटाने का प्रयास किया गया था। हालांकि भवन का निर्माण बड़ा होने के कारण मैनुअल तरीके से कार्रवाई करना संभव नहीं हो सका। इसके बाद निगम के अमले ने पोकलेन मशीन की मदद से भवन के बाधक हिस्से को हटाने की कार्रवाई की। नगर निगम द्वारा मधु मिलन चौराहा से छावनी चौराहा तक प्रस्तावित मास्टर प्लान सड़क के निर्माण को लेकर मार्ग में आ रहे बाधक हिस्सों को हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। निगम का अमला सड़क निर्माण के लिए आवश्यक हिस्सों को चिन्हित कर उन्हें हटाने की कार्रवाई कर रहा है। कार्रवाई के दौरान अपर आयुक्त आकाश सिंह, प्रखर सिंह, अभय राजनगांवकर, कार्यपालन यंत्री पी.एस. कुशवाहा, भवन अधिकारी अंकेश बिराथरिया, नरेश जायसवाल, रिमूवल प्रभारी बबलू कल्याण सहित नगर निगम का अमला मौजूद रहा। कार्रवाई के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का अमला भी तैनात रहा।

इंदौर नगरीय क्षेत्र में घोषित होंगे शांत क्षेत्र

इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर द्वारा विगत 24 सितंबर 2026 को पारित आदेश के अनुपालन में इंदौर नगरीय क्षेत्र में शांत क्षेत्र घोषित किए जाने है। उच्च न्यायालय द्वारा नगरीय क्षेत्र इंदौर में घोषित शांत क्षेत्रों के लिए निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शहर में नवीन शांत क्षेत्र घोषित किए जाने के संबंध में आमजन से सुझाव प्राप्त करने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों से संबंधित समस्याओं की सूचना संबंधित विभाग तक पहुंचाने के लिए हेल्पलाइन नंबर निर्धारित किए जाने के संबंध में भी निर्देशित किया गया है।इन निर्देशों के परिपालन में संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आमजन से प्राप्त सुझावों के आधार पर भविष्य में आवश्यकतानुसार नवीन शांत क्षेत्र घोषित किए जाने की कार्रवाई भी की जाएगी।

महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर भाजपा नेताओं ने किया माल्यार्पण

इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। इस अवसर पर नेताओं ने दोनों महापुरुषों के विचारों और देश के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश राठौर, प्रदेश मंत्री मोहित वर्मा, नगर अध्यक्ष निखिल सोनी, दीपेश पचोरी, जीतू कुशवाह, संदीप रहाणे, दीपक हटकर सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने रीगल चौराहे स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इसी क्रम में शास्त्री ब्रिज के पास स्थित पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर भी भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश राठौर, प्रदेश मंत्री मोहित वर्मा, नगर अध्यक्ष निखिल सोनी, दीपेश पचोरी, संदीप रहाणे, राकेश कुमावत, रवि पांचाल, जीतू कुशवाह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश की आजादी के साथ स्वच्छता और ग्रामोदय का विचार भी दिया था। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांवों की सड़कों को शहरों से जोड़कर विकास को गांवों तक पहुंचाने का काम किया। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस विकास की दिशा को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छता के साथ विकास को भी गति दे रहे हैं।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर सभी को संकल्प लेना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन आदर्शों और सपनों के भारत के निर्माण की दिशा में कार्य कर रहे हैं, उसमें सहभागी बनकर देश के विकास में अपना योगदान दें।

अल्प वर्षा की स्थिति में रबी फसलों के लिए बनेगी आकस्मिक कार्ययोजना

इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। इंदौर जिले में इस वर्ष अल्प वर्षा की स्थिति को देखते हुए रबी फसलों के लिए आकस्मिक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। कार्ययोजना को अमलिय रूप देने के लिए कृषि विभाग के मैदानी अमले को एक दिन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उन्हें बताया गया कि किसानों को कम पानी में बेहतर उत्पादन प्राप्त करने के लिए तैयार करें। उन्हें गाँव-गाँव जाकर आवश्यक जानकारी दी जाए। उप संचालक कृषि श्री संदीप यादव ने बताया कि इंदौर जिले की औसत वार्षिक वर्षा 952.20 मिलीमीटर के विरुद्ध इस वर्ष अब तक 639.70 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है, जो औसत से लगभग 33 प्रतिशत कम है। अल्प वर्षा की स्थिति से निपटने के लिए 1 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

स्वच्छता सेवा अभियान में मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने किया श्रमदान, स्वच्छता कर्मियों का किया सम्मान

इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। इंदौर जिले में सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद पंचायत सांवेर में जनपद स्तरीय स्वच्छता सेवा अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने की। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता कर्मियों का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी और जीवनशैली का हिस्सा है। प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते हुए श्रमदान किया। सभी ने मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया तथा स्वच्छ एवं सुंदर परिवेश के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, जनपद पंचायत सांवेर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

चार बैंक खातों से करोड़ों के संदिग्ध लेन-देन का खुलासा, साइबर फ्रॉड के आरोपी पर FIR

इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। अंतरराज्यीय साइबर धोखाधड़ी के मामले में क्राइम ब्रांच इंदौर ने एक आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी अपने बैंक खातों का उपयोग म्यूल अकाउंट के रूप में कर देश के विभिन्न राज्यों में हुए साइबर फ्रॉड से जुड़े संदिग्ध लेन-देन में शामिल था। मामले में अन्य संदिग्धों और साइबर अपराध सिंडिकेट के नेटवर्क को लेकर पूछताछ एवं विवेचना जारी है।

क्राइम ब्रांच के अनुसार अपराध क्रमांक 0157/2026 के तहत 1 अक्टूबर 2026 को प्रकरण दर्ज किया गया। मामले में आरोपी अंकित देशमुख, निवासी राजेंद्र नगर, इंदौर को चिन्हित किया गया है। आरोपी बीएससी स्नातक है और कैटरिंग का काम करता है।

पुलिस जांच में आरोपी के सिटी यूनियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, बैंक ऑफ इंडिया और कर्नाटक बैंक के खातों का पता चला है। पुलिस के मुताबिक इन खातों में करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेन-देन पाए गए हैं। जांच के दौरान सामने आया कि इन खातों का इस्तेमाल मल्टी-स्टेट साइबर फ्रॉड एवं आर्थिक धोखाधड़ी से संबंधित लेन-देन के लिए किया जा रहा था।

यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त इंदौर के निर्देशन और पुलिस उपायुक्त (अपराध) के मार्गदर्शन में ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, पहचान की चोरी और अंतरराज्यीय साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय, ढ्ढ4ष्ट (इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर), गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल से प्राप्त जानकारी के आधार पर संदिग्ध म्यूल बैंक खातों और उनके सहयोगियों के संबंध में जांच की गई।

पुलिस के अनुसार सिटी यूनियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, बैंक ऑफ इंडिया और कर्नाटक बैंक से जुड़े खातों की जांच में देश के विभिन्न राज्यों से संबंधित दर्जनों साइबर अपराध शिकायतों का पता चला। इनमें तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गुजरात, उत्तराखंड, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, झारखंड, गोवा, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और बिहार सहित अन्य राज्यों की शिकायतें शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक इन मामलों में करोड़ों रुपये की ठगी से संबंधित लेन-देन सामने आए हैं।

जांच में आरोपी अंकित देशमुख के बैंक खातों के साइबर अपराधों में इस्तेमाल किए जाने की जानकारी सामने आने के बाद उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने चार बैंक खातों से संबंधित जानकारी और दस्तावेजों को जांच के दायरे में लिया है। मामले में बैंक खातों के माध्यम से हुए लेन-देन की विस्तृत जांच की जा रही है।

क्राइम ब्रांच पुलिस के अनुसार आरोपी से मिली जानकारी के आधार पर इस नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने के लिए विवेचना जारी है। इस कार्रवाई में क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी एवं टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मध्यप्रदेश के पारेषण नेटवर्क में जुड़ा 418वां ईएचटी सबस्टेशन

इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। प्रदेश के विद्युत पारेषण नेटवर्क को और सुदृढ़ करते हुए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने 132 केवी का एक और एक्स्ट्रा हाई टेंशन (ईएचटी) सबस्टेशन ऊर्जीकृत कर दिया है। 50 एमवीए क्षमता वाला यह सबस्टेशन प्रदेश का 418वां ईएचटी सबस्टेशन है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि इसके जुड़ने से प्रदेश की पारेषण प्रणाली को नई मजबूती मिली है। श्री तोमर ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए पारेषण क्षमता का लगातार विस्तार किया जा रहा है। नया सबस्टेशन औद्योगिक क्षेत्रों और ग्रामीण अंचलों में विश्वसनीय बिजली आपूर्ति के साथ भविष्य की मांग पूरी करने में भी सहायक होगा। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए एमपी ट्रांसको के अभियंताओं और कार्मिकों को बधाई दी। औद्योगिक फीडरों पर लोड प्रदाय शुरू- सबस्टेशन चालू होते ही 33 केवी के दो औद्योगिक फीडरों पर सफलतापूर्वक लोड प्रदाय शुरू कर दिया गया है। यह सबस्टेशन ग्वालियर जिले के बिलौआ में स्थित है। यहाँ से 33 केवी के चार फीडरों के माध्यम से मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को बिजली दी जाएगी। इससे 119 औद्योगिक एवं व्यावसायिक इकाइयों , लगभग 60 गांवों के घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं, दो नगर परिषदों और बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र सहित करीब 70 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

किराया जमा नहीं करने वाले 101 दुकानदारों का आवंटन निरस्त

इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। नगर निगम स्वामित्व के विभिन्न मार्केटों में स्थित दुकानों का नियमित किराया जमा नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ निगम ने कार्रवाई करते हुए 101 दुकानों का आवंटन निरस्त कर दिया है। निगम द्वारा बकाया किराया जमा करने के लिए संबंधित दुकानदारों को कई अवसर दिए गए थे। इसके बावजूद निर्धारित अवधि में बकाया राशि जमा नहीं करने और सुनवाई के दौरान अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करने पर यह कार्रवाई की गई।

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर की गई कार्रवाई की जानकारी देते हुए अपर आयुक्त राजस्व आकाश सिंह ने बताया कि निगम स्वामित्व की दुकानों के किराया बकायादारों को बकाया राशि जमा कराने के लिए पूर्व में 17 दिसंबर 2017 को दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से सार्वजनिक सूचना जारी की गई थी। इसके बावजूद किराया जमा नहीं करने वाले कुल 412 दुकानदारों के किराया खाते वर्ष 2017-18 में लॉक किए गए थे। इनमें पालिका प्लाजा, हरसिद्धि, प्रिंस यशवंत रोड, मालवा मिल-शिवाजी नगर, सरदार पटेल ब्रिज सहित निगम के अन्य प्रमुख मार्केटों की दुकानें शामिल थीं। अपर आयुक्त ने बताया कि निगम द्वारा संबंधित दुकानदारों को बाद में भी बकाया किराया जमा करने और निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रस्तुत करने के अवसर दिए गए। जिन दुकानदारों ने प्रक्रिया के अनुसार बकाया राशि जमा कराई, उनके किराया खाते नियमित करते हुए किराया जमा कराया जा रहा है।

ड्राई डे को लेकर अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। इंदौर जिले में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशन में घोषित ड्राई डे पर अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज शुक्रवार 02 अक्टूबर को प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में बियर, देशी मदिरा प्लेन एवं मसाला बरामद की गई।

आबकारी उपनिरीक्षक आशीष जैन एवं त्रिअंबिका शर्मा के द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम बड़ोदिया करा थाना खुड़ेल में दो स्थानों पर छापेमार कार्यवाही की गई। आरोपी श्रवण पिता जगन्नाथ कुशवाह के आधिपत्य से 120 पाव देसी मदिरा प्लेन एवं 28 कैन बोल्ट बियर जप्त की गई।

इसी तरह आबकारी विभाग के एक अन्य अमले द्वारा बादशाह ढाबा पर भी कार्यवाही उपरांत ढाबा मालिक प्रशांत कुशवाह के कब्जे से 160 पाव देशी मदिरा प्लेन/मसाला एवं 13 बॉटल बोल्ट बियर जप्त की गई। दोनों प्रकरणों में कुल 72.85 लीटर अवैध मदिरा बरामद हुई जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 30 हजार रुपये से अधिक है। उक्त दोनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं अवैध विक्रय के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार लगातार वैधानिक कार्रवाई भी जारी है।

इंदौर में फिनिक्स मॉल के पास हादसा, 100 किमी की रफ्तार से दौड़ रही कार पलटी; एक युवक की मौत

इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। फिनिक्स मॉल के पास गुरुवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा इतना गंभीर था कि वाहन में फंसे युवक को बाहर निकालने के लिए पुलिस को कटर से गाड़ी काटनी पड़ी। मृतक की पहचान निखिल नंदी के रूप में हुई है।

हादसा सुबह करीब 6.07 बजे हुआ। स्कार्पियो की एक कार से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो बेकाबू होकर पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस क्षेत्र में फ्लाइओवर का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके चलते फोरलेन सड़क से यातायात सर्विस रोड पर डायवर्ट हो जाता है। फोरलेन से सर्विस रोड पर यातायात बदलने वाले हिस्से में वाहन चलाने वालों को अचानक मार्ग परिवर्तन का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य के बीच यातायात संचालन के कारण इस हिस्से में परेशानी बनी हुई है। इसी कारण यहां हादसों का खतरा भी बढ़ रहा है।

गाड़ी में बुरी तरह फंसा था युवक- हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद वाहन की स्थिति ऐसी हो गई थी कि उसमें फंसे निखिल को बाहर निकालना मुश्किल हो रहा था। पुलिस ने बचाव कार्य के लिए कटर की मदद ली और वाहन को काटकर युवक को बाहर निकाला।

हालांकि, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

स्कॉर्पियो से टक्कर कैसे हुई, जांच जारी-फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि दोनों वाहनों के बीच टक्कर किस वजह से हुई। हादसे के समय वाहनों की गति कितनी थी और टक्कर के पीछे किसकी लापरवाही रही, पुलिस इसकी जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा सकती है, ताकि हादसे की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। कनाड़िया पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे से जुड़े प्रत्यक्षदर्शियों और वाहन चालकों से भी जानकारी जुटा रही है।

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने विद्यार्थियों से किया संवाद, अस्पृश्यता निवारण एवं सामाजिक सद्भाव का दिया संदेश

इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन 02 अक्टूबर, शुक्रवार को केशरीपुरा छात्रावास परिसर सांवेर में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने छात्र-छात्राओं से समूह चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली तथा विद्यार्थियों से लैपटॉप, स्कूटी एवं विदेश अध्ययन योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। छात्रावास के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न श्री लाल बहादुर शास्त्री के योगदान से देश सदैव उन्नति के पथ पर अग्रसर हुआ है। महात्मा गांधी द्वारा स्वच्छता एवं अहिंसा के प्रति अपनाया गया समर्पण आज भी प्रासंगिक है। स्वच्छता अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने आत्मनिर्भर बनने तथा बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम के उपरांत छात्रावास परिसर में पौधारोपण किया गया। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक भोज में सहभागिता की।

इस अवसर पर प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष श्री भगवान परमार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, जनपद अध्यक्ष सांवेर श्रीमती रामकन्या मानसिंह चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष श्री संदीप चंगेड़िया, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, सहायक आयुक्त श्री नीरज पाराशर सहित अनुविभागीय अधिकारी सांवेर, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सीएमओ, क्षेत्र संयोजक श्रीमती स्मिता भावसार, श्री राजेश सोनी, मंडल संयोजक श्रीमती मनीषा मिश्रा, श्री अजय सक्सेना, सभी छात्रावास अधीक्षक, जिला अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सेवा शिविर सालभर क्यों नहीं? सरकारी दफ्तरों में आम आदमी की धक्के खाने की मजबूरी खत्म करे सरकार-राजनारायण लाड़

मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड। भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान और सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार को लेकर जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता श्री राजनारायण लाड़ ने सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार शिविर लगाकर जनता की समस्याओं के मौके पर निराकरण और शासकीय योजनाओं का लाभ देने की बात कर रही है, लेकिन सवाल यह है कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है तो ऐसे शिविर सालभर क्यों नहीं लगाए जाते?

लाड़ ने कहा कि आज आम आदमी महंगाई और बढ़ते घरेलू खर्च से परेशान है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस तथा रोजमर्रा की खाद्य वस्तुओं की कीमतों का असर सीधे परिवार के बजट पर पड़ रहा है। दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत, निजी अस्पतालों के खर्च और सरकारी स्कूलों में शिक्षकों तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जरूरत जैसे मुद्दे

लगातार सामने हैं। उन्होंने कहा कि सरकार नई स्कूल बिल्डिंग और सड़कें बनाने का दावा करती है, लेकिन कई जगह निर्माण की गुणवत्ता और रखरखाव पर सवाल उठते हैं। सड़कें बनने के कुछ समय बाद खराब हो जाती हैं। ऐसे मामलों में जिम्मेदारी तय करने और सार्वजनिक धन के उपयोग की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की जरूरत है।

जमीन विवादों पर भी उठाए सवाल - लाड़ ने कहा कि आम लोगों को जमीन, अतिक्रमण और राजस्व संबंधी मामलों में सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। प्रभावशाली लोगों द्वारा सरकारी भूमि अथवा गरीबों की जमीन पर कब्जे के आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में लगातार जमीन संबंधी शिकायतें आना बताता है कि लोगों को स्थायी समाधान की आवश्यकता है। श्री लाड़ ने आगे कहा कि बिजली के भारी-भरकम बिल,सरकारी विभागों में लंबित काम, महंगाई और मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं के बीच केवल प्रचारात्मक कार्यक्रम पर्याप्त नहीं हैं। जब आम आदमी को सरकारी कार्यालयों में बिना धक्के खाए समय पर काम मिलेगा, भ्रष्टाचार और अनावश्यक देरी पर रोक लगेगी तथा शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवाएं सुलभ होंगी, तभी सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य वास्तविक रूप से पूरा माना जाएगा। शिविरों के साथ-साथ स्थायी जनसेवा व्यवस्था मजबूत की जाए, महंगाई पर नियंत्रण किया जाए, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सस्ता एवं गुणवत्तापूर्ण बनाया जाए तथा भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के मामलों में जवाबदेही तय की जाए।

सोमिया के निकट दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन युवकों की मृत्यु, एक महिला गंभीर

मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड। पिपलियामंडी-मनासा मार्ग पर शुक्रवार शाम सोमिया के निकट तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस वाहन और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार पिपलिया रावजी, जिला नीमच निवासी पुष्कर (35) पिता बाबूनाथ अपनी पत्नी रेखा (30) के साथ बाइक से नारायणगढ़ की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सावन, जिला नीमच निवासी जितेंद्र (26) पिता राजमल भाटी और बबलू (27) पिता राजमल बावरी बाइक से मनासा की ओर जा रहे थे। सोमिया के समीप दोनों बाइक आमने-सामने आ गईं और तेज गति से हुई भिड़ंत में चारों सड़क पर गिर गए। टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर घायल पड़े लोगों को देखकर आसपास से गुजर रहे वाहन चालक और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस एवं एंबुलेंस कर्मचारियों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद पुष्कर, जितेंद्र और बबलू को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल रेखा की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल मंदसौर रेफर किया गया। दुर्घटना में तीन युवकों की मौत की सूचना से उनके परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई। नारायणगढ़ थाना प्रभारी राजेंद्रकुमार पंवार ने बताया कि हादसा तेज गति के कारण होना बताया जा रहा है। वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। दुर्घटना से जुड़े तथ्यों एवं परिस्थितियों की जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है।

बही फंटे पर दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत, कथावाचक गंभीर घायल

मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड। महू-नीमच हाईवे पर बही फंटे के यहां शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे दो कारों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बही पार्श्वनाथ निवासी कथावाचक गोपालकृष्ण तिवारी (48) गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि शास्त्री गोपालकृष्ण तिवारी स्वयं कार चला रहे थे। वे बही की ओर से हाईवे पर आने के लिए कार मोड़ रहे थे, इसी दौरान नीमच की ओर जा रही दूसरी कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों को नुकसान पहुंचा और शास्त्री घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही टोल एंबुलेंस पर तैनात विशाल गिरीश भाटी एवं पायलट गोविंद राठौर मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस टीम ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया, इसके बाद उन्हें जिला अस्पताल मंदसौर रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

लाड़ली बहना योजना से मोनिका धाकड़ को मिला आर्थिक संबल

नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड। ग्राम अठाना, विकासखंड जावद, जिला नीमच निवासी श्रीमती मोनिका धाकड़ गृहिणी हैं। लाड़ली बहना योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने योजना के लिए आवेदन किया और पात्रता के आधार पर योजना का लाभ प्राप्त कर रही हैं। वर्तमान में उन्हें प्रतिमाह ?1,500 की आर्थिक सहायता राशि प्राप्त हो रही है।

सीतामऊ पुलिस ने पौने तीन किलो अफीम पकड़ी, आधी रात नाकाबंदी कर दो आरोपी दबोचे

मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड। पुलिस कप्तान विनोद कुमार मीना के नेतृत्व में सीतामऊ थाना पुलिस ने 2.978 किलोग्राम अफीम के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि एएसपी ग्रामीण राम स्नेही मिश्रा और एसडीओपी दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना सीतामऊ में विशेष टीम गठित की गई थी। इसके मद्देनजर थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति ने उप निरीक्षक मूलचंद धाकड़ के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई। 30 सितंबर और 1 अक्टूबर की दरमियानी रात करीब 2 बजे मुखबिर से सूचना मिली। इस पर बालाजी मंदिर के पास आमरोड-सेमलखेड़ा मार्ग पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखे। हमराह फोर्स की मदद से बाइक को रोका गया। पीछे बैठे व्यक्ति के हाथ में थैली थी। चेक करने पर थैली में 2.978 किलोग्राम अफीम मिली। मौके से आरोपी मनोहर पिता मुकेश दर्जी, उम्र 18 वर्ष 6 माह, निवासी ग्राम काचरिया जाट थाना सीतामऊ एवं मुकेश पिता उदयराम दर्जी, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम काचरिया जाट थाना सीतामऊ को गिरफ्तार किया गया। बाद में धारा 8/18, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई है। मामले में पुलिस द्वारा अफीम तस्करी की नेटवर्क कड़ियों को जोड़ा जा रहा है और अफीम खरीद फरोख्त की पड़ताल शुरू की है।

शामगढ़ के बाद दलौदा पुलिस का साइबर ठग पर प्रहार, हरियाणा के सोनीपत से आरोपी को गिरफ्तार

14 लाख की ठगी, 10 लाख रुपये फीज, फर्जी आधार-पैन से करता था गुमराह

मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड। साइबर अपराध पर पुलिस कप्तान विनोद कुमार मीना के नेतृत्व में मंदसौर पुलिस ने फिर से कड़ा प्रहार किया है। शामगढ़ के बाद अब दलौदा थाना पुलिस ने साइबर ठग को दबोचा है। बता दें कि कप्तान के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने साइबर ठगी के अंतरराज्यीय आरोपी को सोनीपत, हरियाणा से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खाते से ठगी गई करीब 10 लाख रुपये की राशि होल्ड/फ्रीज कराई गई है।

दलौदा थाना पुलिस के अनुसार वर्तमान में साइबर ठगों ने लोगों को ठगने के नए-नए तरीके निकाल लिए हैं। घर बैठे पैसे कमाने का लालच देकर व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर मैसेज भेजते हैं कि कुछ रुपये निवेश करो, हजारों मुनाफा कमाओ। पहले छोटी रकम पर मुनाफा देकर भरोसा जीतते हैं, फिर बड़ी रकम लेकर गायब हो जाते हैं। ऐसा ही मामला थाना दलौदा में सामने आया, जहां फरियादी से 14 लाख रुपये की ठगी की गई। पीड़ित को ठगी का अहसास होने पर उसने 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई और थाना दलौदा में आवेदन दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान विनोद कुमार मीना ने विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए। एएसपी तेरसिंह बघेल और एसडीओपी ग्रामीण जितेंद्र भास्कर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दलौदा उप निरीक्षक रवींद्र प्रताप डांगी के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी साक्ष्य जुटाए और आरोपी का सुराग लगाकर सोनीपत से गिरफ्तार किया। आरोपी ने फरियादी निवासी दलौदा को 12 दिसंबर 2025 को बताया कि यूएस ड्रॉप शिपिंग बिजनेस में निवेश करना चाहते हो तो अच्छा रिटर्न मिलेगा। पीड़ित ने मना किया तो रोज मैसेज कर विश्वास दिलाया कि विदेशी बाजार में निवेश कर घर बैठे रिटर्न दिलाएंगे। एआई जनरेटेड फर्जी पोर्टफोलियो दिखाकर झांसे में लिया। पहले 4 लाख निवेश कराए और 4 लाख 70 हजार वापस कर भरोसा जीता। फिर और निवेश पर मोटा मुनाफा और दूसरों से निवेश कराने पर कमीशन का लालच दिया। पीड़ित ने स्वयं और मित्र से कुल 14 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। पैसे मांगने पर 8 लाख और निवेश करने को कहा और फर्जी नाम-पते वाले आधार-पैन की फोटो भेजी। तकनीकी जांच में आधार-पैन फर्जी निकले और आरोपी ने अपने नंबर बंद कर लिए थे। आरोपी की पहचान सिद्धांत पिता दुर्गादास दहिया उम्र 22 साल निवासी पटेल नगर, सोनीपत, हरियाणा के रूप में हुई। घर पर ताला मिला, लेकिन सूझबूझ से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से आईफोन के 2 मोबाइल व मोटोरोला का एंड्रॉयड मोबाइल मिले हैं। ठगी के 10 लाख रुपये फ्रीज किये है, यह राशि न्यायालयीन प्रक्रिया से लौटाई जाएगी। इस सराहनीय कार्य में उनि रवींद्र प्रताप डांगी, सउनि कैलाश बघेल एवं दलौदा थाना की टीम तथा साइबर सेल मंदसौर का योगदान रहा।

मंदसौर में पीसीपीएनडीटी एक्ट को लेकर जिला सलाहकार समिति की बैठक, लिए अहम फैसले

सभी सोनोग्राफी सेंटरों का होगा औचक निरीक्षण, पांच नए केंद्रों के पंजीयन पर रिपोर्ट तैयार होगी

मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड। जिले में पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रावधानों के पालन को लेकर जिला सलाहकार समिति की बैठक गत दिवस आयोजित की गई। बैठक में जिले में पंजीकृत सोनोग्राफी और एमआरआई सेंटरों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में पंजीकृत सभी सोनोग्राफी और एमआरआई सेंटरों का समिति द्वारा औचक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान भ्रूण के लिंग की जांच और लिंग चयन संबंधी गतिविधियों की रोकथाम, पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों के पालन, आवश्यक अभिलेखों तथा सेंटरों की निर्धारित व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। इसके साथ ही सोनोग्राफी सेंटरों में उपलब्ध मशीनों, तकनीकी और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं तथा सेंटर की गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के पालन की भी जांच होगी।

पांच नए सेंटरों के पंजीयन पर रिपोर्ट- बैठक में जिले में प्राप्त पांच नवीन सोनोग्राफी और एमआरआई सेंटरों के पंजीयन के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार किए जाने का निर्णय भी लिया गया। संबंधित सेंटरों के दस्तावेज, निर्धारित मापदंडों और आवश्यक व्यवस्थाओं का परीक्षण कर समिति द्वारा रिपोर्ट तैयार की जाएगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके द्विवेदी, जिला अभियोजन अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी तथा स्थायी सदस्य गोपाल पटवा और हिम्मत

डांगी, पार्षद प्रतिनिधि व समिति सदस्य शहजाद पटेल सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके द्विवेदी ने कहा कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के लिए नियमानुसार निरीक्षण किए जाएंगे। अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

5 अक्टूबर को चंगेरा कृषि मंडी में होगा बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में करेंगे सहभागिता

नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड। राज्य शासन के निर्देशानुसार बलराम कृषि महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम 5 अक्टूबर को कृषि उपज मंडी, चंगेरा, नीमच में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करते हुए किसानों से सीधा संवाद करेंगे। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। आयोजन स्थल पर मंच एवं बैठक व्यवस्था, कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परिवहन एवं रूट चार्ट, विद्युत एवं फायर सेफ्टी, स्वास्थ्य एवं एंबुलेंस, पेयजल, स्वच्छता एवं शौचालय सहित आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

महोत्सव में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कृषि से संबंधित जानकारी देने वाली प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। किसानों एवं हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ चयनित लाभार्थियों को हितलाभ वितरण की व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम में कन्या पूजन, रंगोली एवं दीप प्रज्वलन जैसी गतिविधियां भी होंगी।

मुख्यमंत्री के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर इंटरनेट कनेक्टिविटी,लाइव प्रसारण तथा तकनीकी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम की समग्र व्यवस्थाओं के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर श्री बी.एस. कलेश एवं सहायक नोडल अधिकारी श्री एन.एस. रावत को समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बलराम कृषि महोत्सव किसानों, कृषि विभाग एवं शासन की योजनाओं के बीच प्रभावी संवाद और सहभागिता का महत्वपूर्ण अवसर होगा।

निर्दोषों की बर्बादी का जरिया बन रहा कानून, वरिष्ठ एडवोकेट मनीष जोशी

एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 के दुरुपयोग पर नीमच अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ने उठाए गंभीर सवाल

नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड। मालवा-मेवाड़ के सीमावर्ती अंचल में अब दुश्मनी निकालने के लिए मर्डर या खून-खराबा करने की जरूरत नहीं रह गई है। आपसी खुन्नस और रंजिशें मिटाने के लिए एनडीपीएस एक्ट को एक खौफनाक और शातिर हथियार बना लिया गया है, जहां महज एक झूठी सूचना या साजिश किसी भी निर्दोष व्यक्ति के जीवन को 10 से 15 साल के लिए सलाखों के पीछे धकेल देती है। यह गंभीर और विचारणीय बात जिला अभिभाषक संघ नीमच के अध्यक्ष व अंचल के प्रख्यात कानूनी विशेषज्ञ वरिष्ठ एडवोकेट मनीष जोशी ने कही।

अफीम और मादक पदार्थों की जब्ती के मामलों में केंद्रीय एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए एडवोकेट जोशी ने कानून के दुरुपयोग को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है।

कोर्ट में पूछा- आसमान से टपकी या पाताल से आई अफीम?

हाल ही में एक बड़े अफीम जब्ती कांड के मामले में न्यायालय के समक्ष पैरवी करते हुए एडवोकेट मनीष जोशी ने केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की थ्योरी की धज्जियां उड़ा दीं।

उन्होंने अदालत में जिरह के दौरान तीखे सवाल दागते हुए पूछा कि- आखिर यह अफीम आसमान से टपकी या पाताल से निकली?

उन्होंने बेबाकी से तर्क दिया कि जांच एजेंसियां अक्सर जमीनी हकीकत का पता लगाए बिना, केवल अपनी कागजी खानापूर्ति पूरी करने के लिए मनगढ़ंत कहानियां तैयार करती हैं। इस अंधी वैधानिक प्रक्रिया की आड़ में असली तस्कर और मास्टरमाइंड तो साफ बच निकलते हैं, जबकि उनके स्थान पर किसी बेकसूर नागरिक या उसके सीधे-साधे परिजनों को बलि का बकरा बना दिया जाता है।

धारा 8/29 और 42 का हो रहा खुला उल्लंघन- एनडीपीएस मामलों के देशव्यापी जानकार एडवोकेट जोशी ने कानून की तकनीकी खामियों को उजागर करते हुए कहा कि इस एक्ट की धारा 8/29 (साजिश और सह-अपराध) का इस्तेमाल सबसे ज्यादा रंजिशें साधने में हो रहा है। विरोधी के घर, वाहन या खेत में चुपके से प्रतिबंधित सामग्री रखवा दी जाती है और पुलिस बिना किसी पुख्ता और निष्पक्ष गवाह के आरोपी को दबोच लेती है।

उन्होंने न्यायालय को बताया कि जांच एजेंसियां सर्चिंग और जब्ती के दौरान एनडीपीएस एक्ट की अनिवार्य धारा 42 (सर्च और जब्ती के कड़े नियम) का पालन तक नहीं करती हैं। बिना किसी वैज्ञानिक साक्ष्य या स्वतंत्र गवाह के, सिर्फ जांच अधिकारियों के एकतरफा बयानों के आधार पर किसी भी प्रतिष्ठित नागरिक को अपराधी मान लेना न्याय के सिद्धांतों के पूरी तरह विपरीत है।

न्याय की आस निर्दोषों के रक्षक बने जोशी- मालवा (नीमच, मंदसौर) और मेवाड़ (प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़) के इस कुख्यात ड्रग बेल्ट में एडवोकेट मनीष जोशी का यह साहसिक पक्ष अब आम जनता और न्यायविदों के बीच चर्चा का केंद्र बन गया है। कानून की गहरी समझ और निर्दोषों को न्याय दिलाने की उनकी इस प्रतिबद्धता की सराहना हो रही है। जोशी ने दोटूक कहा कि कानून अपराधियों को सजा देने के लिए है, न कि किसी दुर्भावना से ग्रस्त व्यक्ति की व्यक्तिगत दुश्मनी पूरी करने का जरिया बनने के लिए।

गांधी जयंती, उच्चादर्शों को जीवन में उतारने का प्रेरणा दिवस : राज्यपाल श्री पटेल

भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि गांधी जयंती केवल महात्मा गांधी को स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके उच्चादर्शों को अपने आचरण में उतारने का प्रेरणा दिवस है। उन्होंने कहा कि सर्वधर्म प्रार्थना सभा में गाए जाने वाले भजनों के संदेश का प्रतिदिन चिंतन करें और उन्हें जीवन में उतारने का प्रयास करें। यही महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राज्यपाल की प्रेरणा पर उपस्थित जनों ने क्रोध नहीं करने का संकल्प भी लिया।

राज्यपाल श्री पटेल शुक्रवार को गांधी भवन में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल हुए। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सूत की माला और गांधी स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने स्मार्ट टीवी का लोकार्पण किया। कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

3 अक्टूबर को क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक ओमप्रकाश सखलेचा का जन्म दिवस

दो दशकों के कार्यकाल में जावद विधानसभा ने रचे प्रगति के नए कीर्तिमान

सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड। जावद विधानसभा क्षेत्र से लगातार पांचवीं बार निर्वाचित वरिष्ठ विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा 3 अक्टूबर को अपना जन्म दिवस मना रहे हैं। यह अवसर पिछले दो दशकों (20 वर्षों) में जावद विधानसभा में आई उस अभूतपूर्व शैक्षणिक, सामाजिक, तकनीकी और इंफ्रास्ट्रक्चर क्रांति की समीक्षा का है, जिसने इस ग्रामीण अंचल को आत्मनिर्भरता के राष्ट्रीय पटल पर ला खड़ा किया है। वर्ष 2003 से शुरू हुआ विकास का यह सिलसिला आज जावद को देश के अग्रणी डिजिटल और औद्योगिक रूप से समृद्ध विधानसभा क्षेत्रों की कतार में शामिल कर चुका है।

सामाजिक समरसता का प्रतीक- विशाल वीरेंद्र कुमार सखलेचा सामुदायिक भवन क्षेत्र के नागरिकों की सामाजिक जरूरतों और बड़े मांगलिक आयोजनों को भव्यता देने के संकल्प के तहत विधायक सखलेचा के विशेष प्रयासों से जावद विधानसभा क्षेत्र में विशाल श्री वीरेंद्र कुमार सखलेचा सामुदायिक/मांगलिक भवन की ऐतिहासिक सौगात मिली है। वर्तमान में इस भव्य और सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह विशाल परिसर क्षेत्र की सर्वसमाज और आम जनता के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक व मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक मील का पत्थर साबित होगा।

जावद व सिंगोली में बहुमंजिला सीएम राइज स्कूलों की बड़ी सौगात- क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्राइवेट कॉन्वेंट स्कूलों से भी बेहतर और विश्वस्तरीय शिक्षा देने के लिए जावद विधानसभा क्षेत्र में कुल 7 सीएम राइज (सांदीपनि) विद्यालयों की सौगात स्वीकृत कराई गई है। इसी कड़ी में जावद और सिंगोली में बहुमंजिला अत्याधुनिक सीएम राइज स्कूलों का भव्य निर्माण कराया गया है। अकेले जावद मुख्यालय पर 36 करोड़ से अधिक की लागत से भव्य सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) का निर्माण कर क्षेत्र के गरीब व मध्यमवर्गीय बच्चों के लिए विश्वस्तरीय डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया गया है। इन भवनों में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, डिजिटल स्मार्ट क्लासेस, समृद्ध पुस्तकालय और सुचारू परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

सरकारी स्कूलों में रोबोटिक्स और कोडिंग की शुरुआत- तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विधायक सखलेचा ने ग्रामीण बच्चों की तकदीर बदल दी है। मध्य प्रदेश में पहली बार जावद विधानसभा के शासकीय विद्यालयों के बच्चों को कंप्यूटर कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बुनियादी रोबोटिक्स की आधुनिक शिक्षा से सीधे जोड़ा गया। हाल ही में क्षेत्र के 1,500 से अधिक छात्रों को एआई की बुनियादी शिक्षा और 800 से अधिक युवाओं को कृषि आधारित एआई तकनीकों में विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है, जिससे क्षेत्र के छात्र बड़े शहरों के बच्चों से लोहा ले रहे हैं।

ईसीजी ऑन मोबाइल और स्वास्थ्य का सुरक्षा चक्र - जनता की बुनियादी स्वास्थ्य जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए विधायक सखलेचा ने क्षेत्र में 1 लाख 45 हजार से अधिक नागरिकों का निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर एक बड़ा कीर्तिमान रचा। पारंपरिक चिकित्सा व्यवस्था से एक कदम आगे बढ़ते हुए उन्होंने जावद विधानसभा क्षेत्र के सवा लाख से अधिक नागरिकों का ईसीजी ऑन मोबाइल डेटा तैयार करवाया। इसके अंतर्गत आपातकालीन स्थिति या हार्ट अटैक के जोखिम के समय नागरिकों के पास उनकी डिजिटल ईसीजी रिपोर्ट मोबाइल पर हमेशा उपलब्ध रहती है, जो देश के किसी भी ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य तकनीक का सबसे बड़ा और अनूठा उदाहरण है।

डिकेन ओर बड़ी का सोलर मॉडल और 90 करोड़ का आर्थिक गलियारा- जावद विधानसभा को ग्रीन एनर्जी का बड़ा हब बनाते हुए डिकेन और आसपास के क्षेत्रों में विशाल सौर ऊर्जा परियोजनाओं मेघा सोलर प्लांट की स्थापना की गई। मध्य प्रदेश में सबसे पहले इस पैमाने पर हुए सौर ऊर्जा के नवाचार की सराहना स्वयं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दिल्ली में विधायक सखलेचा के साथ विशेष मुलाकात के दौरान की थी। बुनियादी ढांचे को मजबूती देते हुए हाल ही में 90 करोड़ की लागत से स्वीकृत काटूंदा मोड़-धारडी माखनगंज मार्ग सिंगोली और जावद क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति दे रहा है।

प्रेस जगत और गणमान्य नागरिकों ने दी बधाई- विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा के जन्म दिवस के इस पावन व गौरवमयी अवसर पर जावद एवं नीमच जिले के पत्रकार जगत, विभिन्न सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों और आम नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है। इसी क्रम में दैनिक मालवा हेराल्ड के नीमच जिला ब्यूरो चीफ सतीश कुमार सेन ने विधायक सखलेचा के सुदीर्घ, यशस्वी, ओजस्वी एवं सदैव उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण जीवन की मंगलकामना करते हुए उन्हें जन्म दिवस की आत्मीय व कोटि-कोटि बधाई प्रेषित की है।

सम्पादकीय

ग्रीनलैंड में अपना प्रभाव बढ़ाने की अमेरिका की चाल कामयाब रही है

ग्रीनलैंड दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप है, जो उत्तरी अटलांटिक और आर्कटिक महासागरों के बीच स्थित है। 22 लाख वर्ग किलोमीटर में फैले इस द्वीप की आबादी मात्र 56 हजार है। भौगोलिक दृष्टि से ग्रीनलैंड उत्तरी अमेरिका का हिस्सा है, लेकिन राजनीतिक और आर्थिक रूप से यह द्वीप यूरोप से अधिक जुड़ा हुआ है। ग्रीनलैंड डेनमार्क के नियंत्रण में है। 1814 में जब डेनमार्क और नॉर्वे अलग हुए, तो नॉर्वे के नियंत्रण वाले ग्रीनलैंड को डेनमार्क के राजा को सौंप दिया गया। 1953 में डेनमार्क ने एक नया संविधान लागू किया, जिसमें उसने ग्रीनलैंड को उपनिवेश नहीं बल्कि अपना अभिन्न अंग माना। 1978 में हुए जनमत संग्रह के बाद डेनमार्क ने ग्रीनलैंड को कुछ हद तक स्वायत्तता दी, जिससे ग्रीनलैंड की अपनी स्वतंत्र सरकार बन गई। हालांकि, ग्रीनलैंड की सुरक्षा, विदेश नीति और आर्थिक मामलों का प्रबंधन डेनमार्क ही करता है। भौगोलिक दृष्टि से डेनमार्क दूर होने के बावजूद, ग्रीनलैंड वस्तुओं से लेकर अर्थव्यवस्था तक हर चीज के लिए डेनमार्क पर निर्भर है। चूंकि डेनमार्क की एक स्वायत्त राजनीतिक व्यवस्था है, इसलिए ग्रीनलैंड में चुनाव डेनमार्क से अलग होते हैं। सरकार का नेतृत्व प्रधानमंत्री करते हैं, जिन्हें आधिकारिक तौर पर प्रीमियर कहा जाता है। आधिकारिक तौर पर, डेनमार्क के राष्ट्राध्यक्ष डेनमार्क के राजा हैं।

ग्रीनलैंड डेनमार्क, नाटो और यूरोपीय संघ के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, और अमेरिका के लिए भी इसका महत्व है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बार-बार कहा है कि रक्षा के लिहाज से ग्रीनलैंड अमेरिका के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन बात यहीं खत्म नहीं होती। ग्रीनलैंड प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। ग्रीनलैंड की उपमृदा में गैस सहित भारी मात्रा में खनिज मौजूद हैं। ग्रीनलैंड का लगभग 80 प्रतिशत भाग बर्फ से ढका है और इसके नीचे बड़ी मात्रा में मीठा पानी है। ऐसा माना जाता है कि विश्व के कुल मीठे पानी का 20 प्रतिशत ग्रीनलैंड में है। जलवायु परिवर्तन के गंभीर भविष्य के प्रभावों को देखते हुए, यदि अमेरिका के पास पानी का एक बड़ा हिस्सा हो, तो अमेरिका का भविष्य सुरक्षित रहेगा।

बेहद महत्वाकांक्षी डोनाल्ड ट्रम्प ने कई बार ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने की बात कही है। यहां तक ??कि जब वे पहली बार राष्ट्रपति बने थे, तब भी उन्होंने डेनमार्क से ग्रीनलैंड खरीदने का प्रस्ताव रखा था। ट्रम्प के इस बयान का मजाक उड़ाया गया और अमेरिकी मीडिया ने भी इसका उपहास किया, लेकिन ट्रम्प ने यह बात हल्के में नहीं कही थी। ट्रम्प वास्तव में ग्रीनलैंड खरीदना चाहते थे। अगर पहले कार्यकाल में ऐसा नहीं हुआ होता, तो ट्रंप अपने दूसरे चुनाव के बाद से ही ग्रीनलैंड मुद्दे पर बयान देते आ रहे हैं। ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंड पर हमला करने और उसे अमेरिका में मिलाने की धमकी के बाद, नाटो देशों ने भी अमेरिका की आलोचना की। चूंकि ग्रीनलैंड यूरोप के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, इसलिए यूरोप को ग्रीनलैंड में अमेरिका की मौजूदगी बिल्कुल भी पसंद नहीं है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड और स्पेन ने डेनमार्क के साथ मिलकर एक साल पहले एक संयुक्त बयान जारी कर ट्रंप से ग्रीनलैंड की स्वतंत्रता का सम्मान करने का आग्रह किया था।

इस साल की शुरुआत में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका ने जेल में डाल दिया था। उस समय यह आशंका थी कि ट्रंप कभी भी ग्रीनलैंड में सेना भेज सकते हैं। ट्रंप ने यहाँ तक बयान दिया था- %अब मुझे ग्रीनलैंड चाहिए। रणनीतिक रूप से ग्रीनलैंड अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण है और यूरोप यह जानता है। मुझे नहीं लगता कि यूरोप को इस पर कोई आपत्ति होगी। अमेरिकी संरक्षण में ग्रीनलैंड और मजबूत होगा। ग्रीनलैंड के लोगों को अधिक सुरक्षा मिलेगी।% उस दौरान एक समय ऐसा भी आया जब ग्रीनलैंड के बारे में ट्रंप के बार-बार दिए गए बयानों से तंग आकर डेनमार्क की खुफिया एजेंसी डीडीआईएस ने अमेरिका को रूस और चीन के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची में डाल दिया था।

लेकिन अगले आठ महीनों में स्थिति अचानक बदल गई। आमने-सामने की लड़ाई, प्रतिशोध-सजा-भेदभाव - चाहे जो भी नीति अपनाई गई हो, ट्रंप ने डेनमार्क को मना लिया। रूस की भी ग्रीनलैंड पर नजर थी। शायद यह रूस से संभावित खतरे को दिखाने के लिए किया गया था या शायद डेनमार्क-ग्रीनलैंड में किसी विकास परियोजना या बड़े निवेश का वादा किया गया था। जो भी हुआ हो, डेनमार्क-ग्रीनलैंड ने अमेरिका के साथ रक्षा समझौता कर लिया। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स फ्रेडरिक नीलसन, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क में थे, ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की और ग्रीनलैंड के लिए एक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के बाद, ट्रम्प ने कहा कि यह ग्रीनलैंड के भविष्य के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण समझौता होने जा रहा है। इससे ग्रीनलैंड की सुरक्षा बढ़ेगी। ग्रीनलैंड के लोगों का भविष्य सुरक्षित होगा। अमेरिका ने ग्रीनलैंड की सुरक्षा पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। अब अमेरिका के दुश्मन देश ग्रीनलैंड को किसी भी नजर से नहीं देख पाएंगे। ऐसा कहकर ट्रम्प रूस की ओर इशारा कर रहे थे। ऊपर से इतनी अच्छी बातें कही गई, लेकिन अंदरूनी तौर पर यह चर्चा भी हुई कि ट्रम्प ने धमकी देकर इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका लगातार डेनमार्क और ग्रीनलैंड को यह कहता रहा है कि या तो उन्हें वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो जैसी स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए, या ईरान जैसी स्थिति के लिए।

आंतरिक सौंदर्य ही जीवन की सच्ची सुंदरता है

मन की सुंदरता जब जीवन में उतरती है, तो व्यक्ति का चरित्र और उसका व्यवहार स्वयं सुंदर हो जाता है। प्राचीन यूनान के महान दार्शनिक सुकरात के बारे में एक प्रेरक प्रसंग मिलता है। एक दिन वे आईने में अपना चेहरा देख रहे थे। उनके शिष्य ने उन्हें ऐसा करते देखा तो मुस्कुरा दिया। सुकरात शिष्य की मुस्कान का अर्थ समझ गए। उन्होंने कहा, तुम सोच रहे होगे कि मैं अपने रूप को आईने में क्यों देख रहा हूं। मैं आईना इसलिए देखता हूं क्योंकि मुझे अपने बाहरी रूप की कमियां दिखाई देती हैं और तब मैं यह प्रयास करता हूं कि अपने अच्छे कर्मों और श्रेष्ठ विचारों से उन कमियों को ढक सकूं।

सुकरात ने आगे समझाया कि सुंदर व्यक्ति भी आईना देखते हैं और अपने रूप को देखकर प्रसन्न होते हैं तथा उनमें अहंकार उत्पन्न हो जाता है, लेकिन उन्हें अपने भीतर के सौंदर्य को निखारने का भी प्रयास करना चाहिए। क्योंकि बाहरी सुंदरता समय के साथ बदल जाती है, जबकि आंतरिक सुंदरता व्यक्ति के चरित्र में दिखाई देती है।

वास्तविक जीवन में हम अपने भीतर के गुण-दोषों को किसी बाहरी आईने में नहीं देख सकते। इसके लिए आवश्यक है आत्मनिरीक्षण–कुछ क्षण शांत होकर स्वयं के भीतर झांकना। जब हम अपने विचारों, भावनाओं और व्यवहार को समझने लगते हैं, तब धीरे-धीरे अपने भीतर मौजूद कमियों को दूर करने और अच्छे गुणों को विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं।

सहजयोग ध्यान आत्मनिरीक्षण और आत्म-विकास का एक सरल मार्ग प्रस्तुत करता है। सहजयोग के माध्यम से व्यक्ति अपने सूक्ष्म तंत्र, नाड़ियों और चक्रों को समझने तथा ध्यान के द्वारा अपने भीतर संतुलन और शांति अनुभव करने का प्रयास करता है। नियमित ध्यान से प्रेम, क्षमा, संतोष, नम्रता, निर्भयता और रचनात्मकता जैसे गुणों के विकास में सहायता मिल सकती है।

जब मन शांत होता है और भीतर संतुलन स्थापित होने लगता है, तो उसका प्रभाव हमारे व्यवहार और संबंधों पर भी दिखाई देने लगता है। तब सुंदरता केवल चेहरे तक सीमित नहीं रहती, बल्कि हमारे विचारों, वाणी और कर्मों में भी झलकने लगती है।

कहा गया है–मन चंगा तो कठौती में गंगा। बाहरी आईने के साथ-साथ अपने भीतर झांकने की कला भी सीखें और आत्मचिंतन के माध्यम से अपने जीवन को अधिक शांत, संतुलित और सुंदर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

विकास की दौड़ में जीवन की बुनियाद क्यों दरक रही है?

विकास का उद्देश्य आर्थिक आँकड़े चमकाना है या नागरिकों का जीवन सँवारना? जब गाँव का किसान फसल के लिए पानी और शहर का नागरिक स्वच्छ हवा को तरसे, तो विकास की प्राथमिकताओं पर सवाल उठना स्वाभाविक है। देश को आधुनिक उद्योग, बेहतर सड़कें, ऊर्जा और मजबूत बुनियादी ढाँचे चाहिए, लेकिन इनकी कीमत आम आदमी के स्वास्थ्य, आजीविका और प्राकृतिक संसाधनों से नहीं चुकाई जा सकती। सच्चा विकास वही है, जिसमें कुएँ सूखें नहीं, खेतों तक पानी पहुँचे, शहरों की हवा साँस लेने योग्य हो और हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएँ सम्मानपूर्वक मिलें। इसकी कसौटी ऊँची इमारतें, निवेश और चमकदार आँकड़े नहीं, बल्कि आम आदमी का सुरक्षित व स्वस्थ जीवन है। जब तक पानी और हवा जैसी जरूरतें सबकी पहुँच में नहीं होंगी, विकास के दावे अधूरे रहेंगे।

गाँवों का जल संकट मानसून की अनिश्चितता के साथ भूजल के अंधाधुंध दोहन, पारंपरिक जलस्रोतों की उपेक्षा और कुप्रबंधन का नतीजा है। गिरते भूजल स्तर से नलकूपों से पानी निकालना कठिन और महँगा हो रहा है। नहरें खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुँचा रहीं और तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं। लाखों हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचाई संकट से जूझ रही है। शहरों और उद्योगों की बढ़ती जरूरतें जल संसाधनों पर दबाव डाल रही हैं। बाँध और बड़ी परियोजनाएँ बनती हैं, पर जलस्रोतों के रखरखाव और न्यायपूर्ण वितरण की अनदेखी है। नतीजतन, फसलें सूखती हैं, किसानों पर कर्ज बढ़ता है और ग्रामीण पलायन को मजबूर हैं। अन्नदाता के खेत में ही पानी अनिश्चित है। यह मौसम की मार ही नहीं, जल प्रबंधन की विफलता भी है।

शहरों में विकास की कीमत स्वच्छ हवा चुका रही है। ऊँची इमारतों, चौड़ी सड़कों, बढ़ते वाहनों और औद्योगिक विस्तार के बीच साँस लेना दूभर है। दिल्ली-एनसीआर में पीएम 2.5 का स्तर सितंबर 2026 में औसतन लगभग 39 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा, जबकि अक्टूबर में यह तेजी से बढ़ने लगता है (पिछले वर्षों में अक्टूबर का औसत अक्सर 100 से ऊपर रहा है)। अनेक शहरों की वायु गुणवत्ता खराब या बहुत खराब श्रेणी में है। वाहनों का धुआँ, निर्माण की धूल, औद्योगिक उत्सर्जन और कचरा जलाना प्रदूषण बढ़ा रहे हैं। इसकी मार बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों पर पड़ रही है। प्रदूषणजनित बीमारियाँ और असमय मौतें गंभीर स्वास्थ्य चुनौती हैं। बच्चे मास्क लगाकर स्कूल जा रहे हैं, बुजुर्ग साँस की समस्याओं से जूझ रहे हैं। स्वच्छ हवा अब आर्थिक क्षमता पर निर्भर है। संपन्न लोग एयर प्यूरीफायर खरीद सकते हैं, जबकि गरीब प्रदूषण से बचने के प्रभावी विकल्पों से वंचित हैं।

विकास का विरोधाभास आर्थिक उपलब्धियों और आम आदमी की हकीकत में साफ झलकता है। सकल घरेलू उत्पाद बढ़ रहा है, सड़कें-पुल बन रहे हैं, निवेश और औद्योगिक परियोजनाएँ फैल रही हैं। लेकिन भूजल घट रहा है, जलस्रोत सूख रहे हैं और हवा दूषित हो रही है। बिजली की बढ़ती माँग और कटौती ग्रामीण-शहरी जीवन को प्रभावित कर रही है। बड़े प्रोजेक्टों पर भारी खर्च होता है, पर जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और सार्वजनिक सुविधाओं के रखरखाव को समान प्राथमिकता नहीं मिलती। विकास केवल निर्माण और निवेश नहीं है। आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ें, लेकिन पीने का पानी और स्वच्छ पर्यावरण न मिले, तो उसकी सामाजिक कीमत भी आँकनी होगी। चौड़ी सड़कें और चमकदार इमारतें तभी जनकल्याणकारी हैं, जब वे जीवन सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएँ।

विकास के आँकड़ों में सड़कें, पुल, निवेश और उत्पादन दर्ज होते हैं, लेकिन पानी के लिए जूझते परिवारों और प्रदूषित हवा में साँस लेते बच्चों की पीड़ा ओझल रहती है। आर्थिक वृद्धि के साथ लाभों का वितरण और पर्यावरणीय कीमत भी अहम हैं। संसाधनों का लाभ कुछ क्षेत्रों को मिले और बोझ कमजोर वर्गों पर पड़े, तो विकास असंतुलित है। बाजार बोतलबंद पानी, निजी टैंकर और एयर प्यूरीफायर उपलब्ध कराता है, लेकिन इनकी पहुँच आर्थिक क्षमता पर निर्भर है। संपन्न लोग निजी उपायों से संकट टाल लेते हैं, जबकि गरीब सार्वजनिक व्यवस्था की विफलताओं का बोझ उठाते हैं। इसलिए विकास का आकलन केवल आर्थिक वृद्धि से नहीं, बल्कि सभी वर्गों तक उसके लाभ पहुँचने से भी होना चाहिए।

पानी और हवा के संकट परस्पर जुड़े हैं। जंगलों की कटाई, जलस्रोतों पर अतिक्रमण, अनियोजित शहरीकरण और भूजल का अंधाधुंध दोहन प्राकृतिक संतुलन बिगाड़ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन से अनियमित वर्षा, लंबे सूखे और अतिवृष्टि जल प्रबंधन को जटिल बना रहे हैं। कम बारिश से जलाशय घटते हैं, जिससे सिंचाई, पेयजल और बिजली उत्पादन प्रभावित होते हैं। हरित क्षेत्रों का सिकुड़ना और प्रदूषणकारी गतिविधियाँ शहरी पर्यावरण पर दबाव बढ़ाती हैं। संकट में टैंकर भेजना या अस्थायी प्रतिबंध समाधान नहीं। वर्षा जल संचयन, तालाबों का पुनर्जीवन, भूजल पुनर्भरण, सूक्ष्म सिंचाई, हरित क्षेत्रों का संरक्षण और औद्योगिक उत्सर्जन पर नियंत्रण विकास योजनाओं का अनिवार्य हिस्सा हों। पर्यावरण संरक्षण विकास की बुनियादी शर्त है, औपचारिकता नहीं।

विकास के नाम पर यदि खेत प्यासे, नदियाँ सूखी और शहर जहरीली हवा की गिरफ्त में हों, तो चमकते आँकड़े भी बदहाली की हकीकत नहीं छिपा सकते। उद्योग, निवेश और बुनियादी ढाँचे जरूरी हैं, लेकिन इनकी कीमत किसानों की आजीविका, नागरिकों के स्वास्थ्य और प्राकृतिक संसाधनों के विनाश से नहीं चुकाई जा सकती। प्रगति की दिशा ऐसी हो, जिसमें सिंचाई, वर्षा जल संचयन, स्वच्छ ऊर्जा, सार्वजनिक परिवहन और प्रदूषण नियंत्रण को प्राथमिकता मिले। इसके लिए सरकार, उद्योग और समाज की जवाबदेही तय करने के साथ संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण और पर्यावरणीय प्रभावों का पारदर्शी आकलन सुनिश्चित करना होगा। आखिर जिस व्यवस्था में अन्नदाता सिंचाई के लिए तरसे, नागरिक शुद्ध वायु को संघर्ष करें और बुनियादी सुविधाएँ ही विलासिता बन जाएँ, उसकी उपलब्धियों का ढोल पीटने का क्या औचित्य? सार्थक प्रगति की कसौटी ऊँची इमारतें और पूँजी निवेश नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ पर्यावरण, पर्याप्त पेयजल, सुरक्षित आजीविका और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है।

-प्रो. आरके जैन

अक्टूबर का महीना भारतीय राजनीति के लिए महत्वपूर्ण है

अक्टूबर का महीना भारतीय राजनीति के लिए बेहद व्यस्त रहने वाला है। सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के बाद से सक्रिय भारतीय कूटनीति इस महीने भी नई दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण रहने वाली है। इस महीने भारतीय कूटनीति के एजेंडे में यूरोप, अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यक्रम शामिल हैं। स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाय पार्मेलिंग 5 से 7 अक्टूबर तक भारत दौरे पर हैं। भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता, अमेरिका के साथ संपर्क और क्वाड व जी-20 की बैठकों जैसे मुद्दों पर भी इस महीने चर्चा होगी। अक्टूबर में भारत-अमेरिका संबंधों की राजनीति पर भी उच्च स्तरीय चर्चा हो सकती है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो इस महीने भारत दौरे पर हैं। अक्टूबर में क्वाड स्तर पर विदेश मंत्रियों की बैठक होगी। उद्धव

ठाकरे भी मुख्य भाजपा के विरोध में एकजुट होंगे। उद्धव ठाकरे ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए दिल्ली में आयोजित भारतीय गठबंधन की बैठक में भाग लिया। उन्होंने कांग्रेस को अकेले न लड़ने की सलाह दी। कांग्रेस मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है। उद्धव ठाकरे का मानना ??है कि भाजपा विरोधी दलों को एक मंच पर आकर ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध करना चाहिए। उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करने का फैसला किया है। इसके अलावा, राज और उद्धव 4 अक्टूबर को एक संयुक्त मोर्चा भी निकालेंगे। दोनों चचेरे भाइयों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर सीजेपी को अपना समर्थन दिया। उद्धव ने कहा कि हम इस विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम एक-दूसरे के विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के कामकाज पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस मामले पर आगे चर्चा की मांग की है। वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि यह एक बेहद संवेदनशील विधेयक है। इस विधेयक का प्रभाव अल्पसंख्यकों के साथ-साथ नागरिक समाज के सदस्यों पर भी व्यापक रूप से पड़ने की संभावना है। जेपीसी का उद्देश्य सभी हितधारकों से सुझाव लेना और विधेयक के मसौदे को दोबारा प्रस्तुत करने से पहले उसकी गहन जांच करना था। क्या व्यापक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है या जांच प्रक्रिया पूरी हो चुकी है? हमारा मानना है कि जेपीसी से पारित होने वाला कोई भी विधेयक त्रुटिरहित होना चाहिए।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने फॉर्म-6 पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है, फॉर्म-6 में बदलाव का आदेश किसने दिया? फॉर्म-6 में अवैध रूप से बदलाव किया गया है। चुनाव आयोग के आयुक्तों ने इस पर आपत्ति जताई है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित नेशनल टास्क फ़ोर्स सर्वे ने बजाई खतरे की घंटी -छात्र जीवन की चमक के पीछे छिपता मानसिक अंधेरा!

वैश्विक स्तरपर आज का डिजिटल युग युवा पीढ़ी के सामने अवसरों का अभूतपूर्व संसार खोल रहा है। छोटे गांव की खेती-किसानी, पारंपरिक दुकानदारी या पारिवारिक व्यवसाय से आगे बढ़कर बड़ी शिक्षा, महानगरों की नौकरी,बहुराष्ट्रीय कंपनियों का आकर्षण और विदेशों में करियर बनाना आज करोड़ों युवाओं का सपना बन चुका है।गांव से महानगर और भारत से विदेश तक पहुंचने की यह यात्रा आर्थिक तथा सामाजिक प्रगति का प्रतीक दिखाई देती है,लेकिन इसी चमकदार यात्रा के पीछे एक ऐसा प्रश्न भी खड़ा हो रहा है,जिसे अब नजर अंदाज करना कठिन है,क्या हमारा शिक्षा तंत्र युवाओं को सफल पेशेवर तो बना रहा है,लेकिन मानसिक रूप से सुरक्षित और संतुलित इंसान बनाने में पीछे रह गया है? मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहता हूं कि 30 सितंबर 2026 के आसपास सामने आए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित नेशनल टास्क फ़ोर्स (एनटी एफ़) ऑन मेन्टल हेल्थ कॉन्सरन्स ऑफ़ स्टूडेंट्स एंड प्रेवेंशन ऑफ़ सुसाइडस इन हायर एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन्स के देशव्यापी सर्वेक्षण के प्रारंभिक निष्कर्षों ने इसी प्रश्न को राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ला दिया है।मीडिया में सामने आए इन निष्कर्षों के

अनुसार 2.43 लाख सेअधिक उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के जवाब सर्वे में शामिल हुए। इनमें लगभग 9 प्रतिशत विद्यार्थियों ने बताया कि पिछले एक वर्ष में उन्हें अक्सर या बहुत अक्सर आत्महत्या के विचार आए, जबकि लगभग 15 प्रतिशत विद्यार्थियों ने पिछले छह महीनों में कई सप्ताह तक अत्यधिक तनाव,बेचैनी, खराब मनोदशा अथवा चिंता जैसी स्थिति से गुजरने की बात कही। लगभग 34 प्रतिशत विद्यार्थियों ने किसी न किसी स्तर पर अपने परिसर में स्वयं को बाहरी व्यक्ति जैसा महसूस करने की बात भी कही।

साथियों,यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इसे अभी सुप्रीम कोर्ट की अंतिम रिपोर्ट नहीं कहा जाना चाहिए। 29-30 सितंबर 2026 को सामने आए आंकड़े एनटीएफ़ के सर्वेक्षण के प्रारंभिक/उभरते निष्कर्ष हैं, जिन्हें मीडिया ने रिपोर्ट किया है और जिन्हें अंतिम रिपोर्ट में शामिल किए जाने की उम्मीद है।एनटीएफ़ ने यह भी स्पष्ट किया है कि सर्वे में प्राप्त नमूना देश के संपूर्ण छात्र समुदाय का सांख्यिकीय रूप से प्रतिनिधित्व नहीं करता। इसलिए 9 प्रतिशत के आंकड़े को भारत के प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों पर सीधे लागू करना उचित नहीं होगा। यही सावधानी इस पूरे विषय को समझने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

साथियों बात अगर हम एनटीएफ़ बनी कैसे और इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी? इसको समझने की करें तो इस पूरी प्रक्रिया की जड़ 24 मार्च 2025 के सुप्रीम कोर्ट के महत्वपूर्ण निर्णय में है।अमित कुमार एंड ऑदर्स बनाम यूनियन ऑफ़ इंडिया एंड ऑदर्स मामले में दो सदस्यीय न्यायमूर्ति की पीठ ने उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों की आत्महत्याओं के लगातार सामने आने पर गंभीर चिंता व्यक्त की।मामला आईआईटी दिल्ली सिटी के दो विद्यार्थियों की आत्महत्या से संबंधित था, लेकिन न्यायालय ने इसे केवल एक संस्थान अथवा दो घटनाओं तक सीमित नहीं रखा।न्यायालय ने देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य, भेदभाव शैक्षणिक दबाव और आत्महत्या की रोकथाम के लिए व्यापक व्यवस्था की आवश्यकता को देखते हुए राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन किया। इस टास्क फोर्स की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति को सौंपी गई।इसमें मनोचिकित्सा नैदानिक मनोविज्ञान, शिक्षा, सामाजिक नीति, दिव्यांगता अधिकार, लैंगिक अध्ययन तथा कानून जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को शामिल किया गया। उपलब्ध विवरण के अनुसार मूल संरचना में 12 सदस्य तथा 6 पदेन सदस्य थे।

साथियों बात अगर हम इस टास्क फोर्स का उद्देश्य केवल आत्महत्या के आंकड़े गिनना नहीं है इसको समझने की करें तो सुप्रीम कोर्ट ने एनटीएफ़ को व्यापक दायित्व दिया है।इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की आत्महत्या के पीछे मौजूद प्रमुख कारणों की पहचान करना, वर्तमान कानूनों एवं संस्थागत व्यवस्थाओं का परीक्षण करना और भविष्य के लिए प्रभावी रोकथाम एवं सहायता प्रणाली की सिफारिश करना है। इसके दायरे में रैगिंग,जातिगत भेदभाव,लैंगिक भेदभाव, यौन उत्पीड़न,शैक्षणिक दबाव, आर्थिक कठिनाई, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा कलंक, जातीय अथवा जनजातीय पहचान,दिव्यांगता और अन्य प्रकार के सामाजिक सटीक बहिष्करण जैसे विषय शामिल हैं। इसलिए 9 प्रतिशत का आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं है;इसके पीछे यह बड़ा प्रश्न छिपा है कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं को आखिर किस प्रकार का वातावरण मिल रहा है। सर्वेक्षण में लगभग 32 प्रतिशत विद्यार्थियों ने कहा कि उनके संस्थान में परामर्श अर्थात काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जबकि लगभग 56 प्रतिशत विद्यार्थियों ने संस्थान के प्रशासन पर गंभीर मामलों को निष्पक्ष ढंग से संभालने के संबंध में विश्वास व्यक्त किया। लगभग 34 प्रतिशत विद्यार्थियों का परिसर में स्वयं को बाहरी व्यक्ति जैसा महसूस करना भी सामाजिक जुड़ाव और संस्थागत वातावरण के महत्व की ओर संकेत करता है।

साथियों बात अगर हम गांव से महानगर और महानगर से विदेश,सफलता की कीमत कितनी? इसको समझने की करें तो, आज एक सामान्य भारतीय परिवार अपने बच्चे को बेहतर भविष्य देने के लिए अपनी आय का बड़ा हिस्सा उसकी शिक्षा पर खर्च करता है। गांव का विद्यार्थी पहले जिला मुख्यालय पहुंचता है,फिर किसी महानगर में प्रवेश लेता है और अंततः अमेरिका,ब्रिटेन,ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,यूरोप अथवा किसी अन्य देश में उच्च शिक्षा और रोजगार का सपना देखता है।इस यात्रा में प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव,महंगी शिक्षा,छात्रावास जीवन, भाषा की समस्या,परिवार से दूरी, आर्थिक चिंता, सामाजिक तुलना, नौकरी का अनिश्चित भविष्य और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपेक्षा जुड़ सकती है।समस्या यह नहीं है कि युवा महानगर अथवा विदेश क्यों जाना चाहता है। समस्या तब पैदा होती है जब सफलता की परिभाषा केवल पैकेज,पद,डिग्री विश्वविद्यालय और सामाजिक प्रतिष्ठा तक सीमित हो जाए तथा विद्यार्थी के मन की स्थिति को सफलता का हिस्सा ही न माना जाए। जिस परिवार में बच्चे की परीक्षा के अंक पूछे जाते हैं, लेकिन यह नहीं पूछा जाता कि तुम भीतर से कैसे हो?, वहां शिक्षा अधूरी रह सकती है। जिस संस्थान में उपस्थिति, परीक्षा, रैंक और प्लेसमेंट का रिकॉर्ड रखा जाता है, लेकिन विद्यार्थी के अकेलेपन,भय और निराशा की नियमित पहचान नहीं होती, वहां मानसिक स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता दिखाई देती है।

साथियों बात अगर हम सर्वे का आकार बड़ा है, लेकिन प्रतिनिधित्व की सीमा समझना जरूरी, इसको समझने की करें तो 2.43 लाख से अधिक विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाएं निश्चित रूप से व्यापक स्तर का डेटा प्रदान करती हैं। इसके साथ ही लगभग 2,119 उच्च शिक्षण संस्थानों ने संस्थागत सर्वे में प्रतिक्रिया दी थी; यह उस समय देश में मौजूद कुल उच्च शिक्षण संस्थानों का लगभग 3.5 प्रतिशत बताया गया था। एनटीएफ़ ने विद्यार्थियों के अलावा संस्थानों, शिक्षकों, अभिभावकों और अन्य हितधारकों से भी जानकारी जुटाई तथा संस्थागत स्तर पर क्षेत्रीय दौरे और परामर्श किए।लेकिन यहीं वैज्ञानिक सावधानी जरूरी है।2.43 लाख उत्तरदाता होना अपने आप में यह सिद्ध नहीं करता कि 9 प्रतिशत पूरे भारत के सभी विद्यार्थियों का सटीक राष्ट्रीय अनुपात है।यदि सर्वेक्षण में भागीदारी स्वैच्छिक रही हो और संस्थानों तथा विद्यार्थियों का चयन पूर्णतः सांख्यिकीय राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के अनुरूप न हो, तो निष्कर्षों में चयन संबंधी सीमाएं हो सकती हैं।

इसलिए वर्तमान आंकड़े को चेतावनी और नीति-निर्माण के लिए महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखना सटीकता से अधिक उचित है। साथियों बात अगर हम अंतिम राष्ट्रीय प्रेवालेंस रेट के रूप में नहीं,31 अक्टूबर 2026 क्यों महत्वपूर्ण है? इसको समझने की करें तो, सुप्रीम कोर्ट ने 27 मई 2026 को एनटीएफ़ को अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 31 अक्टूबर 2026 तक का समय प्रदान किया था।

-धनंजय राजौरा

दुबई विमान दुर्घटनाः राजनीतिक-धार्मिक असंतोष का परिणाम!

दुबई से तेल अवीव जा रहे फ्लाईदुबई बोइंग विमान में हजारों फीट की ऊंचाई पर घटी इस खूनी घटना ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र और वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा समीकरणों को झकझोर दिया है। कॉकपिट में तैनात ओमान मूल के प्रथम अधिकारी (सह-पायलट) द्वारा अपने साथी कमांडर, कैप्टन स्मित माछार पर अचानक जानलेवा हमला करके विमान का नियंत्रण अपने हाथ में लेने और उसे दुर्घटनाग्रस्त करने के आत्मघाती प्रयास ने 2001 में संयुक्त राज्य अमेरिका में हुए कुख्यात 9/11 हमलों की यादें ताजा कर दी हैं। विमान में सवार 170 से अधिक यात्रियों, जिनमें बड़ी संख्या में इजरायली नागरिक और विभिन्न देशों के पर्यटक शामिल थे, ने अपनी जान गंवाई। अगर कैप्टन स्मित माछार ने गंभीर चोटों के बावजूद असाधारण साहस और समयबद्धता न दिखाई होती और चालक दल के सदस्यों और यात्रियों को समय पर सहायता न मिली होती, तो विमान एक भयावह दुर्घटना में तब्दील हो जाता। सऊदी अरब के तबुक हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग सैकड़ों परिवारों के लिए जीवनरक्षक साबित हुई, लेकिन इस घटना से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठे सवाल बेहद गंभीर और दूरगामी हैं। यह घटना किसी साधारण विमान अपहरण का मामला नहीं है, बल्कि यह एक खतरनाक मानसिकता का प्रतीक है जहाँ आधुनिक तकनीक, पेशेवर ज़िम्मेदारी और धार्मिक कट्टरता का टकराव खूनी रूप ले लेता है। वर्षों के कठोर प्रशिक्षण से गुज़रे, अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करना सीखे और सैकड़ों निर्दोष यात्रियों की सुरक्षा का जिम्मा संभाले एक पायलट का अचानक अपने साथी पायलट का गला घोंटना या उस पर घातक हथियार से हमला करना यह साबित करता है कि जब कट्टरता का ज़हर दिमाग में प्रवेश करता है, तो पेशेवर नैतिकता पूरी तरह से गायब हो जाती है। यह कृत्य केवल विमान को गिराने का प्रयास नहीं था, बल्कि एक विशिष्ट समुदाय और राष्ट्र के नागरिकों को निशाना बनाकर वैश्विक स्तर पर आतंक और अराजकता फैलाने का एक सुनियोजित प्रयास था।

यह उल्लेखनीय है कि हमलावर ओमानी पायलट की मानसिकता की प्रारंभिक जाँच से पता चलता है कि वह अचानक मानसिक अवसाद का शिकार नहीं था, बल्कि लंबे समय से संगठित वैचारिक कट्टरता और धार्मिक अतिवाद के प्रभाव में जी रहा था। यह इस बात का जीता-जागता सबूत है कि डिजिटल युग में सोशल मीडिया और गुप्त कट्टरपंथी नेटवर्क के माध्यम से किस तरह से ब्रेनवाशिंग की जाती है। इस घटना की जड़ में एक ऐसा विचार निहित है जिसमें धर्म या संप्रदाय का प्रतिशोध मानवता से ऊपर हो जाता है, और जहां निर्दोष महिलाओं, बच्चों और पुरुषों की सामूहिक हत्या को %पवित्र प्रतिशोध% या %शहादत% के रूप में प्रोत्साहित किया जाता है। जब धार्मिक कट्टरता किसी व्यक्ति के जीवन पर इस हद तक हावी हो जाती है कि हवाई जहाज जैसा अत्यंत संवेदनशील वाहन भी एक विनाशकारी हथियार में परिवर्तित हो जाता है।

इस घटना को मध्य पूर्व के ज्वलंत भू-राजनीतिक वातावरण और इज़राइल की अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों से अलग करके नहीं देखा जा सकता। पश्चिम एशिया पिछले सात दशकों से अधिक समय से विस्फोटक दौर से गुजर रहा है। इज़राइल और फ़िलिस्तीन के बीच संघर्ष अब केवल दो क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे इस्लामी जगत और यहूदी समुदाय के बीच एक वैचारिक और भावनात्मक युद्ध में तब्दील हो गया है। हाल के दिनों में, इज़राइली सेना द्वारा गाजा पट्टी, वेस्ट बैंक, लेबनान और आसपास के क्षेत्रों में किए गए व्यापक सैन्य अभियानों, हवाई हमलों और परिणामस्वरूप उत्पन्न मानवीय संकट ने मुस्लिम जगत में भारी आक्रोश और असंतोष की आग भड़का दी है। इस्लामी देशों के नेताओं, क्षेत्रीय संगठनों और विपक्षी समूहों के प्रति इज़राइल द्वारा अपनाए गए कठोर रवैये और शून्य सहिष्णुता नीति ने पश्चिम एशिया के बहुसंख्यक मुस्लिम समाज में यह धारणा पैदा कर दी है कि इज़राइल उनकी पहचान और संप्रभुता को कुचल रहा है।

इस भू-राजनीतिक वास्तविकता और सैन्य आक्रामकता का इस्तेमाल कट्टरपंथी तत्व और आतंकवादी संगठन अपने लाभ के लिए करते हैं। वे इज़राइल की कार्रवाइयों को आम असंतोष को कट्टरपंथी हिंसा में बदलने का एक प्रमुख हथियार बनाते हैं।

यह बात स्पष्ट रूप से स्वीकार करना आवश्यक है कि किसी भी राष्ट्र की नीतियां कितनी भी विवादास्पद हों या किसी भी सरकार की कार्रवाई कितनी भी आक्रामक हो, किसी नागरिक यात्री विमान को दुर्घटनाग्रस्त करके निर्दोष लोगों की सामूहिक हत्या का प्रयास कभी भी उचित नहीं ठहराया जा सकता। जब यहूदियों और मुसलमानों के बीच सदियों पुराना ऐतिहासिक और धार्मिक तनाव व्यक्तिगत प्रतिशोध की हिंसा में परिणत होता है, तो यह कूटनीतिक या सैन्य संघर्ष नहीं रह जाता, बल्कि विशुद्ध आतंकवाद बन जाता है। यात्री विमान के यात्री और पायलट किसी सैन्य संघर्ष का हिस्सा नहीं थे, वे केवल कर्तव्य पर तैनात आम नागरिक और पेशेवर थे। उन पर हुआ यह हमला इस बात का प्रमाण है कि जब उग्रवाद अपने चरम पर पहुंचता है, तो वह न्याय और अन्याय के बीच का अंतर भूल जाता है और विशुद्ध रूप से रक्तपिपासु बन जाता है।

खास बात यह है कि इस घटना ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय विमानन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और प्रोटोकॉल के खिलाफ गंभीर चेतावनी जारी कर दी है। 2001 में 9/11 हमलों के बाद, दुनिया भर में हवाई यात्रा के नियम पूरी तरह बदल गए। हवाई अड्डों पर कड़ी बॉडी स्कैनिंग, सामान की जांच, कॉकपिट के दरवाजों को बुलेटप्रूफ बनाना ताकि उन्हें बाहर से खोला न जा सके और उड़ान के दौरान कॉकपिट को एक अभेद्य किले की तरह सुरक्षित रखना जैसे उपाय लागू किए गए। ये सभी व्यवस्थाएं इस धारणा पर आधारित थीं कि खतरा हमेशा बाहर से, यानी यात्री केबिन से ही आता है। लेकिन 2015 में जर्मनविंग्स फ्लाइट 9525 की तरह, जब कॉकपिट के अंदर बैठा कमांडर या को-पायलट खुद आत्महत्या करने की कोशिश करता है, तो सभी बाहरी दरवाजे और सुरक्षा कवच बेकार साबित हो जाते हैं। इस मामले में, कैप्टन स्मित माछार का साहस सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। इस अंतरराष्ट्रीय संकट ने दुनिया भर की एयरलाइनों के लिए अंदरूनी खतरे की चेतावनी को और भी पुख्ता कर दिया है।

-सुनील कुमार महला

गांधी जयंती पर निगम ने चलाया वृहद स्वच्छता अभियान, सफाई मित्रों सहित सहयोगियों का किया सम्मान

देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर नगर निगम द्वारा वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान, श्रमदान, माल्यार्पण, पौधारोपण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय शिवाजी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात गजरा गियर्स चौराहे स्थित शहीद भगत सिंह उद्यान में अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। तत्पश्चात निगम बैठक हॉल में पूज्य बापू के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समारोह में स्वच्छता में अहम भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों, स्वच्छता में सहयोगी फीडबैक फाउंडेशन संस्था के सदस्यों, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, स्कूलों के छात्र-छात्राओं, सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारियों तथा स्वच्छता में सहयोग देने वाले प्रबुद्ध नागरिकों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार ने कहा कि पूज्य बापू के स्वच्छता के संदेश को आत्मसात कर हमें उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना है और नागरिकों में स्वच्छता की भावना जागृत कर जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना है। सफाई मित्रों का सम्मान करना हमारे लिए गौरव की बात है।

महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखना हमारे जीवन की प्राथमिकता है। सभी के सहयोग से स्वच्छता अभियान में भाग लेकर हम बापू के सपने को साकार करेंगे।

सभापति रवि जैन ने कहा कि शहीदों को याद करना और पूज्य बापू के बताए मार्ग पर चलना हमारा कर्तव्य है। स्वच्छता को निरंतर बनाए रखना हम सबका दायित्व है।

विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर देवास शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में लगे सभी सफाई मित्रों का सम्मान करते हुए हम गौरवान्वित हैं।

आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि 2 अक्टूबर को निगम द्वारा वृहद स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी को शहर को प्लास्टिक-पॉलीथिन मुक्त बनाने तथा शहर को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने की शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, एमआईसी सदस्य धर्मेन्द्रसिंह बेस, शीतल गहलोत, पार्षद सोनू परमार, एल्डरमैन राजेश यादव, सचिन सोनी, हरीश देवलिया, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, भाजपा नेता भारत चौधरी, निगम अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में सफाई मित्र उपस्थित रहे।

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सोनकच्छ ने कि सर्वधर्म प्रार्थना

देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड। 2 अक्टूबर महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री जी की जन्म जयंती को भारत स्काउट गाइड के सहयोग से कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सोनकच्छ में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी महोदय श्री सज्जन सिंह मालवीय स्काउट गाइड कमिश्नर सोनकच्छ, अध्यक्षता स्काउट गाइड संस्था के अध्यक्ष रविंद्र नायक ने की।विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन थे वरिष्ठ समाजसेवक सोभाग सिंह ठाकुर, इनर व्हील क्लब ऑफ यूनिक सोनकच्छ की अध्यक्षा इंदु अकोतीया, वरिष्ठ स्काउट दल प्रमुख शिवचरण अंगोरिया , इनर व्हील उपाध्यक्ष स्मिता अकोतीयां ,आई एस ओ संगीता सेंधव ,बुद्ध विलास यादव, नरेंद्र कुशवाह, ज्वाला चौहान, हेमलता सोलंकी, प्रज्ञा सिकरवार, पूनम पाटनी, प्रिया भावसार उपस्थित थे।सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने मां शारदा, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया।तत्पश्चात छात्रावास की अधीक्षिका एवं इनर व्हील क्लब ऑफ यूनिक सोनकच्छ की एडिटर श्रीमती ज्योति वाडेकर ने सभी मंचासीन अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन और शब्दों से स्वागत किया।छात्राओं और मंचासीन अतिथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सर्वधर्म समभाव से प्रार्थना की और एकता का भाव दिखाया।प्रार्थना का मुख्य उद्देश्य सभी धर्मों के प्रति समान भाव रखना होता हे।फुलकुंवर नागदिया, अर्पिता गुर्जर, लक्ष्मी सिसोदिया, कशिश वर्मा, रितिका, मंजू मालवीय छात्राओं ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला।विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री मालवीय ने छात्राओं को गांधी जी के विचारों से अवगत करवाते हुवे उनके द्वारा दिखाए रास्तों पर चलने का सुझाव दिया।समाज सेवी सौभाग सिंह ठाकुर ने गांधीजी पर अपने विचार व्यक्त करने वाली बालिकाओं को नकद राशि देकर सम्मानित किया।उन्होंने गांधी जी और शास्त्री जी के प्रेरक प्रसंग सुनाकर बालिकाओं को उद्बोधित किया।अंत में आभार वार्डन ज्योति वाडेकर ने किया।

नशामुक्ति का एक छोटा संकल्प आपका जीवन बदल सकता है - अखिल विश्व गायत्री परिवार

देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में देश भर में नशा मुक्ति आंदोलनों के माध्यम से आमजन को नशे के वि द्ध जन जागृत करने का लगातार प्रयास किया जा रहा, इसी कड़ी में जिला जेल देवास में गायत्री परिवार की टीम द्वारा कैदियों के बीच गांधी जयंती पर नशे के वि द्ध मोर्चा खोला और जन जागृत किया गया

गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि जिला जेल में कैदियों को सेमिनार के माध्यम से युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक प्रमोद निहाले, लेखा राठौड़ एवं जिला जेल अधीक्षक विभूषण प्रसाद ने संबोधित किया गांधी जयंती पर जिला जेल में सेमिनार की शु आत युवा प्रकोष्ठ के लक्ष्मण पटेल द्वारा प्रभावी नशा मुक्ति गीत ... नशा ना करना मान लो कहना प्यारे भाई बहिना, होगी बड़ी खराबी.ज.और नारों से हुई जिसमें सभी बंदीगण प्रभावित हुए युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि आज 02 अक्टूबर गांधी जयंती से 08 अक्टूबर तक देशभर में गायत्री परिवार मद निषेध सप्ताह के रूप में मना रहा है और लोगों को नशे के वि द्ध जनजागृत करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है साथ ही कहा कि आज का दिन चिंतन करने और संकल्प लेने का दिन है प्रत्येक बंदी भाई एक छोटा संकल्प ले कि आज से नशामुक्त जीवन जीकर स्वयं एवं परिवार को नशामुक्त रखेंगे।

नियमों का पालन करने वालो को दिए गुलाब, उल्लंघन करने वालों को समझाया

ट्रैफिक पुलिस ने 10 दिवसीय जागरूकता अभियान किया शुरू

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। हेलमेट और सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग को लेकर मध्यप्रदेश पुलिस के 10 दिवसीय विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस ने शहर के ट्रैफिक प्वाइंट पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नियमों के पालन के साथ वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया गया।

चेकिंग के दौरान हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन चलाने वाले लोगों को यातायात पुलिसकर्मियों ने गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया। पुलिस की इस पहल से वाहन चालक उत्साहित नजर आए। उन्होंने अभियान की सराहना भी की। पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया और बिना सीटबेल्ट कार चलाने वाले वाहन चालकों को रोककर समझाइश दी। पुलिस ने बताया कि हेलमेट और सीटबेल्ट सिर्फ चालानी कार्रवाई से बचने के लिए नहीं, बल्कि हादसे के दौरान जान की सुरक्षा के लिए जरूरी हैं।

नियम तोड़ने पर होगी चालानी कार्रवाई- यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से दोपहिया चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीटबेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की। पुलिस के अनुसार अभियान का उद्देश्य सड़क हादसों में होने वाली मौतों को कम करना और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। समझाइश और जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाएगी।

देवास में खादी सेवा संकल्प महोत्सव का शुभारंभः खादी व ग्रामोद्योग उत्पादों पर 30% विशेष छूट, 31 मार्च तक मिलेगा लाभ

देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड। खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र को बढ़ावा देने तथा स्वदेशी उत्पादों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से 'खादी सेवा संकल्प महोत्सव-2026' के तहत हर घर स्वदेशी अभियान के अंतर्गत देवास में तहसील चौराहा स्थित स्थानीय खादी ग्रामोद्योग केंद्र पर उत्पादों पर 20+10 (कुल 30 प्रतिशत) विशेष छूट का लाभ दिया जा रहा है।

विशेष छूट योजना का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री राजेश यादव की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में खादी ने एक नया आयाम प्राप्त किया है। खादी आज केवल वस्त्र नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल के साथ-साथ डेवलप्ड इंडिया 2047 के राष्ट्रीय संकल्पों को साकार करने का सशक्त माध्यम बन चुकी है। उन्होंने कहा कि खादी लाखों कारीगरों और बुनकरों की आजीविका का साधन होने के साथ-साथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत व सतत विकास का प्रतीक है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक खादी एवं स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया।

एम्पोरियम के प्रबंधक श्री शैलेन्द्र व्यास ने बताया कि खादी उत्पादों पर यह विशेष छूट 2 अक्टूबर 2026 से प्रारंभ होकर 31 मार्च 2027 तक निरंतर जारी रहेगी।

उन्होंने जानकारी दी कि एम्पोरियम में मध्य प्रदेश के स्थानीय बुनकरों द्वारा तैयार विभिन्न प्रकार के वस्त्र एवं सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इनमें मुख्य रूप से रंगीन कुर्तियां, लेडीज कुर्ते, जैकेट, सिल्क साड़ी, प्रसिद्ध बाग प्रिंट एवं बाटिक प्रिंट के परिधान तथा कोसा साड़ी आदि उत्पाद शामिल हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र पर शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खादी उत्पादों की उपलब्धता को प्राथमिकता दी जा रही है।

कार्यक्रम में श्री राजीव खंडेलवाल सहित श्री मांगीलाल, डॉ. गोपाल बिन्नानी, श्री दिनेश श्रीवास, श्री नंद चौहान, श्री शरद जैन, श्री दुष्यंत शर्मा, श्री दिनेश राठौर, श्री अमित सीनग्रह, श्री लव योगी, श्री दिलीप योगी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

5 अक्टूबर को मल्हार स्मृति मंदिर में लगेगा 'सेवा सेतु कैंप', मौके पर होगा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का पंजीयन और समस्याओं का निराकरण

रूफटॉप सोलर संयंत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन, मोबाइल ऐप का लाइव डेमो और बैंक ऋण की मिलेगी सुविधा

देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड। देश और प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा आम नागरिकों को बिजली बिलों से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना का अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ दिलाने के लिए म.प्र.पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, देवास द्वारा 5 अक्टूबर (सोमवार) को प्रातः 11:00 बजे से मल्हार स्मृति भवन, देवास में एक विशाल सेवा सेतु कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसी के साथ 3 अक्टूबर को ग्रामीण वितरण केंद्रो और 4 अक्टूबर को शहरी वितरण केंद्रो पर शिविर आयोजित किया जाएगा।

कैंप में आने वाले नागरिकों को रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया समझाई जाएगी। उपभोक्ताओं को ऑनलाइन आवेदन, आवश्यक दस्तावेज, पात्रता और सब्सिडी के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। साथ ही, सोलर प्लांट लगाने के लिए आसान किश्तों पर बैंक लोन दिलाने के उद्देश्य से विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि भी कैंप में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

कैंप को तकनीकी रूप से सुगम बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया और मोबाइल ऐप का लाइव डेमो भी प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे नागरिक स्वयं पंजीयन करना सीख सकें। इसके अतिरिक्त, जिन उपभोक्ताओं के आवेदन पहले से लंबित हैं या जो योजना का लाभ ले रहे हैं, उनकी समस्याओं जैसे- नेट मीटर स्थापना, मीटर परिवर्तन/परीक्षण, प्लांट की कमीशनिंग और बिलिंग से जुड़ी दिक्कतों का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यपालन यंत्री पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने देवास शहर के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 5 अक्टूबर को मल्हार स्मृति भवन में आयोजित होने वाले सेवा सेतु कैंप में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों। उपभोक्ता अपने साथ बिजली बिल और आवश्यक दस्तावेज लेकर आएं, ताकि पात्रता अनुसार मौके पर ही उनका ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सके और वे इस मुफ्त बिजली योजना का अधिकतम लाभ उठा सकें।

अतिक्रमण के दुष्परिणाम भुगत रहे ग्रामीण, आए दिन हो रहे हादसे

शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड। जिले के ग्राम पंचायत दुपाड़ा व लसुल्डिया पंचायत के बीच बने आम रास्ते पर अतिक्रमण की भरमार है। जिससे रास्ता सिकुड़ गया और ग्रामीणो को आवागमन में बाधा हो रही है। यही नहीं आए दिन यहां हादसे भी हो रहे हैं। कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं। यही नहीं यहां आए दिन हादसे भी हो रहे हैं। बीती रात भी इस आम रास्ते से गुजर रही सोयाबीन से भरी ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त रास्ता आम रास्ता है जो खेत पर होकर जाता है। यहां से गुजर रही सोयाबीन से भर ट्राली जो खेत पर जा रही थी जगह न होने पर आगे जाकर रास्ते में फंस गई और जब उसे निकालने का चालक द्वारा प्रयास किया गया तो वह अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे सोयाबीन भी रास्ते में फैल गया और ग्रामीणों को पूरी रात उसे समेटने के लिए परेशान होना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ किसानों ने दोनो तरफ से इसे रोक रखा है और यहां पर पूरा रास्ता खराब कर रखा है। जिसके कारण आए दिन इस तरह की स्थिति का उन्हें सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की माने तो उन्होंने तहसीलदार और कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को इस मामले से अवगत कराते हुए समाधान की मांग भी की थी, लेकिन आज तक समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं जनप्रतिनिधियों से भी ग्रामीण कई बार गुहार लगा चुके हैं लेकिन उनकी कोई सुनने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके।

80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले 25 वरिष्ठों का वरिष्ठ नागरिक संस्था ने किया सम्मान

अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, राष्ट्रगान गाकर व पौधारोपण के साथ हुआ समापन

देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड। वरिष्ठ नागरिक संस्था द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस 30वें वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस हर्षोल्लास के साथ संस्था परिसर में मनाया गया। माँ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, विशेष अतिथि एसबीआई मुख्य महाप्रबंधक अमित पालीवाल, डॉ. एम. कुमार, एवं अध्यक्षता कर रहे डॉ. के.के. धूत ने किया। संस्था अध्यक्ष ओ.पी. पाराशर एवं पेंशनर्स संघ अध्यक्ष गंगासिंह सोलंकी ने अतिथियों एवं वरिष्ठों का सम्मान करते हुए स्वागत भाषण दिया।

संस्था की प्रगति पर प्रकाश सचिव श्रवण कुमार कानूनगो ने डाला। सम्मान समारोह में 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले रणधीर सिंह चौधरी, डॉ. के.के धूत, श्रीमती राजकुमारी गुप्ता, श्रीमती पुष्पा आचार्य, हेमलता जाधव, आर.ए. सिद्दीकी, जगदीश चौहान, चंद्रकांत सेन, भागीरथ खाती, रायसिंह ठाकुर सहित 25 वरिष्ठजनों का सम्मान शाल, श्रीफल एवं मोतियों की माला पहनाकर किया गया। इसी कडी में संस्था के संस्थापक सदस्य डॉ. एम. कुमार, एल.बी. ढपले व उत्कृष्ट कार्य पर श्रवण कुमार कानूनगो को भी सम्मानित किया। साथ ही अमलतास अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा समारोह के दौरान 150 अधिक वरिष्ठजनों का बीपी, शुगर, हार्ट, नेत्र, कान आदि अन्य बीमारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिक संस्था पदाधिकारियों द्वारा विधायक प्रतिनिधि श्री अग्रवाल को कुछ समस्याओ से अवगत कराया गया, जहां अतिथियों ने सभी सुझावों एवं समस्याओं के निवारण का आश्वासन दिया। श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में संस्था की गतिविधियों की सराहना की एवं संस्था को हर प्रकार का सहयोग देने का वादा भी किया। विधायक चौधरी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक संस्था द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की सराहना करते हुए वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया।

उन्होंने कहा कि ठण्डक वहीं होती है, जहां पुराने वृक्ष खडे रहते है। इसी प्रकार आप सभी के बीच आकर मेरा मन काफी प्रफुल्लित हुआ। मैं बचपन से आप सभी के बीच रहा हूँ और आगे जब भी मेरी जरूरत संस्था को होगी मैं सदैव तैयार हूं। संस्था अध्यक्ष श्री पाराशर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक संस्था विगत 29 वर्षो से वरिष्ठजनों के एकांकी भाव को दूर करने, उनके मान-सम्मान, सम्पत्ति एवं स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए कृत संकल्पित होकर निरंतर कार्यरत है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 14 दिसम्बर 1990 को वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया। जिसकी पूरे विश्व ने सराहना की। जिसके बाद से पूरे विश्व में 1 अक्टूबर 1991 को पहली बार वरिष्ठ नागरिक दिवस का आयोजन होने लगा। जिसका उद्देश्य वरिष्ठ जनों द्वारा किए गए कार्य एवं उपलब्धियों को सम्मान देना था। शासन के दिशानिर्देश के अनुसार इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की थीम दीर्घायु का युग ऱ लंबी उम्र के लिए व्यवस्थाओं पर पुनर्विचार इस थीम का अर्थ है कि आज जब चिकित्सा विज्ञान और बेहतर जीवन परिस्थियों के कारण मनुष्य की औसत आयु बढ़ रही है, तब हमे अपनी सामाजिक व्यवस्थाओं को भी इस बदलाव के अनुरूप बनाना होगा। केवल लंबी उम्र देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस जीवन को स्वस्थ, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सम्मानजनक बनाना भी आवश्यक है। इसके लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन और वृद्धजन की देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। समारोह का संचालन चेतन उपाध्याय ने किया एवं आभार गंगा सिंह सोलंकी ने माना।

अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन संस्था अध्यक्ष ओ.पी. पाराशर ने दिया। कार्यक्रम में संस्था उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार ढाली, कोषाध्यक्ष विपिन कुमार कुमावत, सहसचिव बी डी चावड़ा, संचालक शीलनाथ आरस, केसी नागर, एमडी सिन्हा, एस.के. शाह, वीणा भार्गव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शोभा नायक, अशोक वर्मा, प्रकाश नागोरे, उषा जोशी, रश्मि पाण्डेकर, भालचंद्र ताकोणे, एसएन सोनी, वृद्धाश्रम संचालक दिनेश चौधरी, अनिल नाईक, आरएस केलकर, गेरूलाल व्यास सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन व आमजन उपस्थित थे। समारोह के दौरान पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता बुद्धसेन पटेल एवं वरिष्ठजनों के साथ संस्था प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। समारोह के दौरान देवेन्द्र पंडित, रामजीत सिंह, इकबाल खान आदि अन्य कलाकारों ने सुमधुर गीत व भजनों की प्रस्तुति देकर वरिष्ठजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में गंगासिंह सोलंकी ने उपस्थिति जनों का सफल आयोजन के लिए आभार माना। समारोह का समापन सहभोज के साथ हुआ।

सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान जुलूस निकला

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। जिले के मक्सी में शुक्रवार को दो सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान जुलूस निकाला गया। इन सैनिकों ने देश की सीमाओं की रक्षा में सेवाएं दी थीं। जुलूस के दौरान सड़कों पर देशभक्ति के गीत गूंजते रहे और भारत माता की जय के नारे लगे। मक्सी के बजरंग मोहल्ला निवासी नायक राजेश यादव और कनासिया निवासी जगदीश पटेल के शहर आने पर नागरिकों, युवाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनका स्वागत किया। लोगों ने दोनों सैनिकों को माला पहनाई और फूल बरसाकर सम्मान किया। यह जुलूस शहर के मुख्य रास्तों से गुजरा। रास्ते में कई जगह लोगों ने सैनिकों का अभिनंदन किया। युवाओं ने देशभक्ति गीतों के साथ जुलूस में हिस्सा लिया। नागरिकों ने कहा कि सैनिक कठिन हालात में देश की रक्षा करते हैं। उनके त्याग और साहस का सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी है। सेवानिवृत्त सैनिकों ने इस सम्मान और स्वागत के लिए शहरवासियों का आभार जताया।

बच्चों ने दिखाया अहिंसा परमो धर्म का मार्ग

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। हर लड़ाई अस्त्र से नहीं जीती जाती। कई बार लड़ाई लड़ने के लिए आपका दृढ़ संकल्प भी जरूरी होता है। अहिंसा को हथियार बनाओ और तब तक अडिग रहो जब तक शत्रु आपकी सहन शीलता और दृढ़ संकल्प के आगे नतमस्तक न हो जाए। यह संदेश दे रहे थे सहज किड्स जोन के नन्हे देशभक्त जो बापू के भेष में स्कूल पहुंचे और सभी को अहिंसा का पाठ पढ़ाया।

एबी रोड स्थित सहज किड्स जोन में महात्मा गांधी जी की जयंती सादगी से मनाई गई। इस दिन स्कूल के छोटे बच्चे बापू के भेष में सज धजकर स्कूल पहुंचे जिन्हें देखकर हर कोई उनका कायल हो गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय संचालिका आशा जैन ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमें सिखाया कि अपने क्रोध पर काबू रखें और दृढ़ संकल्प लें। यही बात हमें अपने जीवन में भी अपनाना चाहिए कि हमें यदि कोई लक्ष्य पाना है तो उसके लिए चाहिए दृढ़ संकल्प और मजबूत इच्छा शक्ति।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के आगे हथियार नहीं डाले बल्कि वे अपने आंदोलन और अहिंसा के हथियार के दम पर उनके सामने डटे रहे। नतीजा यह हुआ कि अंग्रेजों ने खुद अपने हथियार डाल दिए।

सुबह दिया स्वच्छता का संदेश, शाम को हुआ पौधरोपण

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को विधायक अरूण भीमावद ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सुबह जहां महादेव घाट पर नदी की सफाई का अभियान चलाया गया। वहीं शाम को एबी रोड स्थित भेरू डूंगरी पर पौधरोपण कर जिलेवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस दौरान चीलर नदी और उसके आसपास के इलाके की सफाई की गई। इस अभियान में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने भी लोगों से नदी को साफ रखने और जलस्त्रोतों में गंदगी न करने की अपील की। साथ ही श्रमदान भी किया गया। इस अभियान में प्रशासनिक अधिकारी, नगर पालिका अमला, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोगों ने श्रमदान कर भागीदारी दी। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने लोगों से नदी, घाट और अन्य जलस्त्रोतों में कचरा नहीं डालने की अपील की। शुक्रवार को महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर शाम को नगर कोतवाल के दरबार भेरू डूंगरी पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान आमजनों सहित प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित आमजनों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और इन पौधों को पेड़ बनाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शीतल भावसार, नगर मंडल महामंत्री गोविंद नायक, पं. गोविंद शर्मा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे, एल्डरमेन महेश भावसार, नगर मंडल महामंत्री विकास सिंदल सहित भाजपा के जिला एवं नगर मंडल के पदाधिकारी, सभी पार्षद, एल्डरमेन, कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

नदी साफ रखना हम सभी की जिम्मेदारी- इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन, नगरपालिका और भाजपा की ओर से नदी की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है।

बेज़ुबान पशुओं के मददगार पोपसिंह राठौर ने खोला मोर्चा

दबंगों द्वारा मानसागरा तालाब की पाल काटकर गोचर भूमि के निजीकरण करने पर एसडीएम और तहसीलदार को दी लिखित शिकायत

बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। नगर और आसपास के क्षेत्र में गौ-सेवा और बेज़ुबान जानवरों के संरक्षण के लिए पहचाने जाने वाले पोपसिंह राठौर (पप्पी बना) अब गोचर भूमि को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने के लिए मैदान में उतर आए हैं। बदनावर विश्रामगृह के पास स्थित ऐतिहासिक मानसागरा तालाब की पाल पर जेसीबी चलाकर शासकीय गोचर भूमि का अवैध निजीकरण करने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ उन्होंने मोर्चा खोल दिया है।

पोपसिंह राठौर का यह संघर्ष केवल एक शिकायत तक सीमित नहीं है, बल्कि वह पिछले 10 वर्षों से बेज़ुबान पशुओं के लिए मिसाल बने हुए हैं। गोचर भूमि के पास स्थित बलवंती नदी में वह हर साल अपने खर्च पर कच्चा स्टॉप डैम बनाते हैं। अपने खेत जो लगभग 1.5 किलोमीटर दूर है के बोरवेल से पानी छोड़कर वे भीषण गर्मी में जून महीने तक लगभग 8 माह हज़ारों बेज़ुबान जानवरों और गौशाला की गौमाता के लिए पीने के पानी का इंतजाम करते हैं।

पोपसिंह राठौर ने बताया कि मानसागरा तालाब की यह गोचर भूमि पिटगारा और बदनावर नगर के आसपास के छोटे किसानों, पशुपालकों और स्थानीय गौशालाओं की हजारों गायों के लिए चरनोई का मुख्य केंद्र रही है। लेकिन दबंगों ने हाईवे और मंडी की ओर से तालाब की तरफ आने वाले दोनों रास्तों को जेसीबी से अवरुद्ध कर दिया और शासकीय भूमि को अवैध रूप से लीज पर देकर लाखों रुपये की वसूली शुरू कर दी। रास्ते बंद होने के कारण अब गौमाता को हरा चारा उपलब्ध कराने में भारी बाधा आ रही है।

पोपसिंह राठौर द्वारा इस अच्छे काम में बाधा उत्पन्न होने और गोचर भूमि को बचाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सीधी पहल की गई है। एसडीएम प्रियंका मिमरोट एवं तहसीलदार सुरेश नागर को लिखित शिकायत कर दबंगों पर सख्त कार्रवाई करने और गोचर भूमि को तुरंत कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।साथ ही उन्होंने पिटगारा पंचायत में स्थायी स्टॉप डैम निर्माण के लिए पूर्व में दिए गए आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र के बेज़ुबान जानवरों को स्थाई रूप से पानी मिल सके। पोपसिंह राठौर (पप्पी बना) का स्पष्ट कहना है कि जब तक गोचर भूमि मुक्त नहीं होती और पशुओं के लिए जल-चारा की व्यवस्था बहाल नहीं होती, वे इस लड़ाई को हर स्तर पर लड़ेंगे।

गांधी जयंती पर NSUI ने किया महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड। गांधी जयंती के अवसर पर शहीद भागीरथ सिलावट कॉलेज, देपालपुर में हस्ध्रु कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सद्भाव के विचारों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान देश की स्वतंत्रता एवं राष्ट्र निर्माण में महात्मा गांधी के योगदान को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह राठौर, विकास जाधव, ललित परमार, योगेश नरवरिया, आनंद बड़वाया, सोमेन डागर, मनीषपुरी गोस्वामी सहित हस्ध्रु कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कांग्रेस पार्टी ने मनाई गांधी जयंती

उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई।वरिष्ठ नेताओं द्वारा अपने उद्बोधन में बापू एवं शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके द्वारा आजादी की लड़ाई में दिए योगदान को याद कर पुष्पांजलि अर्पित की।।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर पटेल,शहर अध्यक्ष वकीलुद्दीन कुरैशी,सुधाकर विपट,सुषमा विश्वकर्मा,भरत मालवीय,राजेंद्र मोदी,राकेश पाटीदार,द्वारकाधीश सोनी,अक्षय जैन,मुकेश गुर्जर,मुकेश जायसवाल,कन्नू शाह,नासिर शाह,महेंद्र जैन,मोहन सोनी,जाफर खान,ताराचंद्र सुनेरी,गनी चाचा,निर्भयसिंह चंद्रवंशी,गोरधन चौहान,अजय चौधरी,शिव सुनेरी, दिलीप पटेल, राजेश नाथ चौहान आदि मौजूद थे।

आंगन मिलन कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता सहायिका को प्रमाण पत्र दे किया सम्मानित

खाचरोद/ मुरलीदास बैरागी/ दैनिक मालावा हेराल्ड। महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगन मिलन कार्यक्रम अंतर्गत गुरुवार को दुर्गापुरा स्थित वार्ड 36 आंगनवाड़ी केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित कर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता,सहायिका को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन कर रहे मिशन नीव कार्यक्रम के जिला समन्वयक लोकेन्द्र तंवर ने बताया की 26 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक संचालित आंगन मिलन कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा हैं जहाँ कार्यक्रम के द्वितीय चरण में परियोजना के 102 आंगनवाड़ी केंद्रों पर परियोजना अधिकारी मुकेश वर्मा के नेतृत्व में कई गतिविधि आयोजित कराई गई इसी क्रम में गुरुवार को कार्यक्रम में उपस्थित बिरलाग्राम मण्डल अध्यक्ष प्रकाश जैन वरिष्ठ पार्षद छोटे मल्लाह द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता सहायिका को सम्बोधित कर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया उपस्थित पर्यवेक्षक नीता सुयल शोभना कनेरे ने भी कार्यकर्त्ता का मार्गदर्शन किया अंत में आभार परियोजना अधिकारी मुकेश वर्मा ने माना।

बदनावर में जल जन सेवा संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत

पूर्व मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव ने युवा संवाद में भरा नया जोश

बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। वाराणसी से वडनगर जा रही जल जन सेवा संकल्प यात्रा के बदनावर आगमन पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। चंद्रलीला पैलेस में आयोजित इस भव्य आयोजन में दत्तीगांव ने युवाओं की ऊर्जा, कौशल और नेतृत्व क्षमता को क्षेत्र एवं देश के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में युवाओं से सीधे मुखातिब होते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का मूल ध्येय युवाओं की प्रतिभा को समाजहित और देश की उन्नति से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आज का दौर नई तकनीक, स्टार्टअप, कौशल विकास और स्वरोजगार का है, जहाँ युवाओं के सामने आगे बढ़ने के अनगिनत अवसर मौजूद हैं। दत्तीगांव ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा, युवा केवल अपने व्यक्तिगत विकास तक सीमित न रहें, बल्कि अपने गाँव, समाज और पूरे क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान दें। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक जागरूकता जैसे कार्यों में युवाओं को आगे आकर नेतृत्व करना होगा। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम और जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने में युवा सबसे बड़ी कड़ी हैं।

गुरुवार देर शाम यात्रा के बदनावर नगर पहुँचने पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। पिटगारा से शुरू होकर शीतलामाता बस स्टैंड, भेरू उखलिया, सभामंच, कन्याशाला, जवाहर मार्ग, सोमेश्वर चौराहा और आंबेडकर चौराहा होते हुए यात्रा चंद्रलीला पैलेस पहुँची, जहाँ कार्यकर्ताओं व आमजनों ने उत्साह के साथ यात्रियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर युवा संवाद की शुरुआत की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने युवाओं को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए विकसित भारत के निर्माण में उनकी सहभागिता को रेखांकित किया। अभियान जिला प्रभारी मनोज सोमानी ने भी युवाओं से अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करते हुए जनसेवा में जुटने की बात कही।कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री राजेश अग्रवाल, महेंद्रसिंह सक्तावत, शेखर यादव, राजेंद्रसिंह पंवार, राकेश पटेल, प्रेमचंद परमार, सुनील मोदी, कुलदीपसिंह पीपलीपाड़ा, अक्षय शर्मा, सुनील वसुनिया, राकेश चौहान सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। भाजयुमो कार्यकर्ताओं एवं मंडल अध्यक्षों ने पूर्व मंत्री दत्तीगांव सहित सभी वरिष्ठ अतिथियों का स्वागत किया। भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरीश झारानी के संचालन और मनीष गुर्जर के आभार प्रदर्शन के बाद, शुक्रवार सुबह यात्रा बदनावर से भैंसोला चौपाटी और पीएम मित्रा पार्क होते हुए झाबुआ जिले के लिए आगे रवाना हो गई।

बदनावर में करंट से मासूम की मौत पर मानवाधिकार आयोग सख्त

5 मामलों में लिया संज्ञान, कलेक्टर से 2 सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। प्रदेश में मानव अधिकारों के हनन और प्रशासनिक लापरवाही के मामलों को लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रथम दृष्ट्या मानव अधिकार उल्लंघन के पांच अलग-अलग मामलों पर स्वतः संज्ञान लिया है। इनमें धार जिले के बदनावर क्षेत्र में बिजली के टूटे तार से फैले करंट की चपेट में आने से एक 6 साल के बच्चे की दर्दनाक मौत का मामला भी प्रमुखता से शामिल है। आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

बदनावर तहसील की ग्राम पंचायत दोतरिया के मजरे खोकरी में एक हृदयविदारक घटना सामने आई थी। यहाँ एक 6 वर्षीय मासूम बच्चा अपने माता-पिता के साथ खेत पर गया हुआ था। खेत में खेलते समय बालक की नजर वहां जमीन पर पड़े बिजली के टूटे हुए जीवित तार पर नहीं पड़ी और उसका हाथ तार से छू गया। तार में प्रवाहित हो रहे तेज करंट की वजह से मासूम बच्चे ने मौके पर ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद से ही क्षेत्र में मातम का माहौल है और ग्रामीणों में बिजली कंपनी की लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

मीडिया रिपोर्ट में खबर उजागर होने के बाद मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे मानवाधिकारों का प्रत्यक्ष उल्लंघन माना है। आयोग ने कलेक्टर, धार को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और अब तक की गई दंडात्मक व सुधारात्मक कार्रवाई का विस्तृत प्रतिवेदन आगामी दो सप्ताह के भीतर जमा करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि बिजली के खुले व टूटे तारों के रखरखाव में हुई लापरवाही के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों व अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

आयोग के जनसंपर्क कार्यालय के माध्यम से जिला आयोग मित्र जयेश राजपुरोहित ने बताया कि आयोग अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह द्वारा प्रदेशभर के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित ऐसी घटनाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है जहाँ आम जनता के जीवन और अधिकारों का हनन हो रहा है।

इसी क्रम में विगत दिनों सामने आए कुल 5 गंभीर मामलों में संज्ञान लेकर संबंधित विभागों के प्रमुखों व जिला अधिकारियों से समय सीमा में जवाब मांगा गया है।

बदनावर मामले में आयोग के इस हस्तक्षेप के बाद अब बिजली विभाग और स्थानीय प्रशासन हरकत में आया है, वहीं पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने और दोषियों पर कार्रवाई की उम्मीद बढ़ी है।

नगर कांग्रेस व सेवादल द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157 वीं जयंती मनाई

बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। नगर कांग्रेस व सेवादल द्वारा राष्ट्पिता महात्मा गांधी की 157 वीं जयंती पर जनपद परिसर में स्थित महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण मनाई गई।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि कैलाश गुप्ता ने कहा कि गांधीजी भाईचारा व प्रेम का संदेश देते थे मगर आज देश में मौजूदा सरकार द्वारा नफरत और हिंसा की बात कर आपस में लड़ाया जा रहा है जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी आमजनों के बीच पहुंचकर उनकी बात सुन रहे हैं और भाईचारा व प्रेम का संदेश दे रहे हैं। नगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश होती ने कहा कि जिस तरह महात्मा गांधी ने अहिंसा का मार्ग अपनाकर अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी आज उसी तरह हम सब भी भाईचारे के साथ रहे व फास्टवादी ताकतो के खिलाफ एक जुट होकर लड़ाई लड़ना पड़ेगी तभी देश में अमन और शांति रहेगी।

इस मौके पर जिला सेवादल अध्यक्ष जितेन्द्र जोशी जिला पंचायत सदस्य अशोक डावर, पवन जैन फुलजी बा, सुरेश चांद द्विवेदी, मुकेश पाठक ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि संदीप महेश्वरी, निर्मल वर्मा, पार्षद जगदीश पाटीदार,अतुल बाफना, महेश मुकाती, अनूप जैन, प्रकाश निनामा, सुरेश माली, अब्दुल खालिक बादशाह, राम श्रीवास्तव, महेंद्र सिंह झाला, जमील कुरैशी, शंभू वसुनिया, गोपाल वसुनिया सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गतआंगन मिलन सेवा अभियान गरोठ आयोजन

खाचरोद/ मुरलीदास बैरागी/ दैनिक मालावा हेराल्ड। महिला एवं बाल विकास विभाग सेक्टर गरोठ प्रथम में,गरोठ और ग्रामआक्या कुंवरपदा में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आंगन मिलन सेवा का शुभारंभ जिला महिला मोर्चा मंत्री एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गरोठ श्रीमती अनोख पाटीदार द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया गांधी जयंती मनाई गई एवं पर्यवेक्षक रेखा सोनी द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई कार्यक्रम में हितग्राहियों ने शासन की योजनाओं से मिले लाभ एवं अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश पाटीदार,सरपंच विनोद बैरागी सचिव तेजसिंह परिहार मंडल उपाध्यक्ष गरोठ राकेश मोहे जनप्रतिनिधि विनोद जी मीणा सभी के द्वारा उपस्थित महिलाओं को बच्चों एवं माताओं से संबंधित शासन की पोषण स्वास्थ्य एवं महिला कल्याण योजनाओं की जानकारी दी तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया पोषण माह का भी आयोजन किया गया,कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया हितग्राहियों को गुड़,चना नाश्ता एवं फलों का वितरण किया गया,पोषण माह के अंतर्गत पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता का संदेश दिया,सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया गया एवं बच्चों को आनंदमइ गतिविधियों का आयोजन एवं खेलकूद करवाए गए एवं उन्हें गिफ्ट वितरण किया गया कार्यक्रम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता देवकी भट्ट इंदिरा , राजेश शर्मा भूली बाई, एवं सहायिकाएं पूजा,अन्नू चंदा,राजू,मधु एवं हितग्राही एवं अन्य महिला पुरुष उपस्थित हुए सभी के द्वारा पोषण माह एवं स्वच्छता की शपथ ली इस प्रकार आंगन मिलन सेवा अभियान का आयोजन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी केंद्रों पर आयोजित किया जा रहा है।

श्री महावीर विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती पर श्रमदान का दिया संदेश

आलोट/ राकेश चौहान/ दैनिक मालवा हेराल्ड। स्थानीय श्री महावीर विद्यालय में शुक्रवार, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों एवं संस्था के प्रेरणास्त्रोत आदरणीय दा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सुषमा तरणेकर ने किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री वीरेंद्र सिंह पंवार ने कहा कि आज सोशल मीडिया पर बिना पूर्ण जानकारी के महापुरुषों पर गलत टीका-टिप्पणी की जाती है, जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि जब तक विषय का सही ज्ञान न हो, उस पर बोलने से बचना चाहिए। सुश्री लता शर्मा ने गांधी जी के जीवन पर प्रेरणादायक कविता प्रस्तुत की। श्री हेमंत भटनागर ने गांधी जी के विचारों पर प्रकाश डाला।

उपप्राचार्य श्री लखन लाल मालाकार ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी दोनों ही स्वदेशी और सादगी के प्रबल समर्थक थे, उनका वही सपना आज %मेक इन इंडिया% के रूप में फलीभूत हो रहा है। उन्होंने सभी स्टाफ को विद्यालय का नाम आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। सुश्री तरणेकर ने दोनों महापुरुषों के जीवन प्रसंग सुनाए। अंत में वीणा मैडम ने आभार व्यक्त किया।

श्रमदान से दिया स्वावलंबन का संदेश - कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सहयोगी स्टाफ ने विद्यालय के पीछे स्थित मैदान में श्रमदान किया। सभी ने घास उखाड़कर, साफ-सफाई कर मैदान को स्वच्छ बनाया।

इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि हमें अपने जीवन से जुड़े दिन-प्रतिदिन के कार्यों को स्वयं करने की आदत डालनी चाहिए। यही गांधी जी के स्वावलंबन के सिद्धांत की सच्ची शिक्षा है।

उपप्राचार्य श्री मालाकार ने बताया कि इस मैदान को नर्सरी से चत्त-2 तक के छोटे बच्चों के लिए आदरणीय दा साहब के नाम पर सुंदर बाल उद्यान के रूप में विकसित किया जाएगा, जिस पर कार्य निरंतर जारी रहेगा।

पूर्व विधायक मुरली मोरवाल की अगुवाई में मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर बड़नगर के गांधी चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक कांग्रेस सेवादल, शहर कांग्रेस सेवादल एवं समस्त कांग्रेस संगठन के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक मुरली मोरवाल की मुख्य उपस्थिति में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

उपस्थित कांग्रेसजनों ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भाव का संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री का सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा का जीवन आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। गांधी जी के विचारों ने स्वतंत्रता आंदोलन को दिशा दी, वहीं शास्त्री जी ने अपने नेतृत्व और 'जय जवान, जय किसान' के संदेश के माध्यम से देश की एकता और आत्मविश्वास को मजबूती दी।

उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके बताए सत्य, सेवा, सद्भाव, सादगी और राष्ट्रहित के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं तथा समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें।कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के विचारों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम आपसी भाईचारे, सद्भाव और देशप्रेम की भावना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष निलेश शर्मा, शहर सेवादल अध्यक्ष वानिषराज कटारिया, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल माली, प्रवीण बिलाला, पार्षद पति फकीर मोहम्मद, शहर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष अखलाक शेख, नारायणसिंह राठौर,जितेन्द्र काला,रामचंद्र धबाई, अश्विन यादव, पूर्व पार्षद शकील अहमद, सुनील मकवाना,हुकुमचंद हारोड़, प्रमोद गदिया,राकेश संघवी,अंसार अली, गुलाम हुसैन, अभिषेक सरसोदिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी पूर्व शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश सिंह देवड़ा ने दी।

ट्रांसफार्मर में आग लगते ही हरकत में आया बिजली विभाग

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे मौके पर, जली केबल बदलकर बिजली सप्लाई की बहाल

अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड। ग्राम मदाना के बड़ली मोहल्ला स्थित स्कूल के पास दिलीप पुष्पद की दुकान के सामने लगे विद्युत ट्रांसफार्मर के बॉक्स में शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ट्रांसफार्मर से जुड़ी कई केबल एवं डोरियां जलकर पूरी तरह खाक हो गईं।

घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय दुकानदार दिलीप पुष्पद द्वारा आग का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से घटना की जानकारी बिजली विभाग के अधिकारियों तक पहुंचते ही विभाग तत्काल हरकत में आया और स्थानीय कर्मचारियों को मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

सूचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारी श्रवण कुमार सिंह एवं नरेंद्र राठौर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर का निरीक्षण कर आग से क्षतिग्रस्त हुई केबल एवं अन्य विद्युत सामग्री को तत्काल बदलने का कार्य शुरू किया। जली हुई केबलों को बदलने के बाद विद्युत सप्लाई पुनः चालू कर दी गई, जिससे क्षेत्र के रहवासियों ने राहत की सांस ली।

पहले भी हो चुकी हैं आग लगने की घटनाएं- स्थानीय लोगों के अनुसार मदाना में ट्रांसफार्मर में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। विद्युत कर्मचारियों के अनुसार घरों में बड़ी संख्या में इंडक्शन हीटर एवं अन्य अधिक विद्युत भार वाले उपकरणों के अनियमित उपयोग के कारण विद्युत लाइन एवं ट्रांसफार्मर पर अतिरिक्त भार पड़ने की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

विभागीय अधिकारियों द्वारा संकेत दिया गया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अधिक विद्युत भार वाले उपकरणों के उपयोग की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही स्मार्ट मीटर की दिशा में भी विद्युत विभाग द्वारा कदम उठाने की आवश्यकता बताई जा रही है।

वहीं विद्युत कर्मचारियों ने बताया कि ग्राम मदाना के ग्रामीण द्वारा भी गांव में इंडक्शन चूल्हे एवं हीटर के अनियमित उपयोग पर उचित कार्रवाई किए जाने को लेकर विभाग पर लगातार जोर दिया जा रहा है, ताकि भविष्य में ट्रांसफार्मर में आग लगने जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

हरसिद्धि मंदिर में नवरात्र की तैयारी पूरी, रेड कारपेट से पहुंचेंगे भक्त

नया प्रवेश-निर्गम मार्ग और स्थायी शेड तैयार- दीपमालिका क्षेत्र में सुरक्षा के इंतजाम

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। शारदीय नवरात्र में शक्तिपीठ हरसिद्धि माता मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को इस बार बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। मंदिर परिसर में दर्शन के लिए विशेष प्रवेश और निर्गम मार्ग तैयार किया गया है। श्रद्धालु रेड कारपेट पर चलकर माता के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। धूप और बारिश से बचाव के लिए परिसर में विशाल स्थायी शेड भी बनाया गया है।

मंदिर प्रबंधक इंद्रेश लोधी के अनुसार, नवरात्र को देखते हुए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिर के बाहर नया प्रवेश द्वार बनाया गया है। दर्शनार्थियों की आवाजाही को व्यवस्थित करने के लिए प्रवेश और निकासी के अलग-अलग मार्ग तैयार किए गए हैं। इससे भीड़ के दौरान श्रद्धालुओं को आने-जाने में सुविधा होगी।

जूता स्टैंड और शीतल पेयजल की सुविधा- मंदिर आने वाले भक्तों के लिए जूता स्टैंड और शीतल पेयजल की स्थायी व्यवस्था की गई है। मंदिर के बाहर भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मंदिर परिसर और आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं।

दीपमालिका के चारों ओर स्टील की रेलिंग- हरसिद्धि मंदिर की प्रसिद्ध दीपमालिका के आसपास सुरक्षा के लिए स्टील की रेलिंग लगाई गई है। नवरात्र के दौरान भक्त सामूहिक रूप से दीपमालिका प्रज्वलित कर सकेंगे। इसके लिए 3100 रुपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से बुकिंग की व्यवस्था है। श्रद्धालु दीपमालिका प्रज्वलित कराने के लिए तेल और बाती भी दान कर सकेंगे।

मंदिर परिसर में विश्राम पर रोक- नवरात्र के दौरान मंदिर परिसर स्थित सभागृह में लोगों के विश्राम करने पर रोक रहेगी। मंदिर क्षेत्र को भिक्षुक मुक्त रखने के साथ अतिक्रमण हटाने, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए संबंधित विभागों को पत्र भेजा गया है। मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए व्यवस्थाओं की निगरानी भी की जाएगी।

255 करोड़ से उज्जैन में बनेगा अत्याधुनिक डेयरी प्लांट

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। उज्जैन और आसपास के दुग्ध उत्पादकों के लिए 255 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक डेयरी प्लांट तैयार किया जाएगा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज 3 अक्टूबर को भोपाल से इसका डिजिटल भूमिपूजन करेंगे। प्लांट को दो साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

शुरुआत में यहां रोज 3 लाख लीटर दूध का प्रसंस्करण होगा, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 5 लाख लीटर प्रतिदिन किया जा सकेगा। परियोजना के लिए राज्य सरकार 170 करोड़ रुपए अनुदान देगी, जबकि 85 करोड़ रुपए दुग्ध संघ ऋण के माध्यम से जुटाएगा। प्लांट शुरू होने के बाद दूध के प्रसंस्करण के साथ उससे कई तरह के उत्पाद तैयार किए जाएंगे।

रोज 1.50 लाख लीटर पैक्ड मिल्क- प्लांट में प्रतिदिन 1.50 लाख लीटर पैक्ड मिल्क, 25 हजार लीटर दही और 10 हजार लीटर लस्सी-छाछ तैयार करने की क्षमता होगी। इसके साथ ही रोज 10 मीट्रिक टन घी बनाने का प्लांट भी लगाया जाएगा। आधुनिक मशीनों से दूध को प्रसंस्कृत कर अलग-अलग उत्पादों में बदला जाएगा।

दूध संग्रहण से बाजार तक व्यवस्था होगी मजबूत- प्लांट से उज्जैन सहित आसपास के जिलों में दूध के संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन की व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। दुग्ध उत्पादकों से मिलने वाले दूध का स्थानीय स्तर पर अधिक प्रसंस्करण होने से मूल्यवर्धन भी होगा। परियोजना के विस्तार के साथ क्षेत्र में डेयरी कारोबार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने की योजना है।

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ के प्रबंध संचालक जयदेव बिस्वास के अनुसार, प्लांट को भविष्य में 5 लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता तक बढ़ाने का प्रावधान रखा गया है। इससे क्षेत्र में बढ़ते दूध उत्पादन के अनुरूप प्रसंस्करण क्षमता विकसित की जा सकेगी।

किशोरी के साथ 4 युवकों ने किया गैंगरेप

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। कानीपुरा क्षेत्र से लापता हुई किशोरी 24 घंटे बाद मिली तो उसके साथ 4 युवको द्वारा गैंगरेप करने का मामला सामने आया। पुलिस ने जीवाजीगंज क्षेत्र से एक नाबालिग और युवक को हिरासत में लेकर गुरूवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है। चिमनगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी बालिका 26 सितंबर को लापता हो गई थी। परिजनों ने सभी जगह तलाश करने के बाद दूसरे दिन पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया और तलाश शुरू की गई। 27 सितंबर को किशोरी बदहवास हालत में घर लौटी, परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस किशोरी को थाने लेकर आई, जहां बयान में चौकाने वाली घटना सामने आई। किशोरी ने बताया कि उसके साथ चार युवकों ने गैंगरेप किया है। उसका कहना था कि उसकी हमउम्र युवक से पहचान थी, उसने बुलाया था, वह कानीपुरा से बाहर आई थी, उसका साथी जीवाजीगंज क्षेत्र में अपने दोस्त के घर लेकर पहुंचा। जहां उसके 3 दोस्त ओर आ गये। चारों ने उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि मामले की जांच एसआई प्रीति चौहान को सौंपी गई। किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया गया, उसके साथ गलत होना सामने आने पर अपहरण की धारा के साथ पास्को एक्ट और शोषण की धारा बढ़ाई गई। गुरूवार को जीवाजीगंज क्षेत्र में रहने वाले बालिका के हमउम्र दोस्त के साथ लक्की नामक युवक को गिरफ्तार किया गया। कोर्ट में पेश करने पर लक्की पिता जुगलकिशोर को जेल भेजा गया, वहीं किशोरी के हमउम्र साथी को बाल संप्रेक्षणगृह में दाखिल कराया गया है। एसआई प्रीति चौहान ने बताया कि शेष 2 आरोपियों की तलाश जारी है।

डॉलर का लालच और ऑनलाइन धमकी... दो वारदातों में 81 हजार रुपए साफ

एक को डराकर खाते से उड़ाए 43 हजार, दूसरे को 500 डॉलर भेजने का झांसा देकर क्यूआर कोड से 38 हजार की ठगी

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। साइबर ठगों ने शुक्रवार को शहर में दो अलग-अलग लोगों को अपना शिकार बनाया। महाकाल और चिमनगंज थाना क्षेत्र में हुई इन वारदातों में ठगों ने अलग-अलग तरीके अपनाए। एक मामले में ऑनलाइन धमकी और डर दिखाकर खाते से 43 हजार रुपए निकाल लिए, जबकि दूसरे में 500 डॉलर भेजने का झांसा देकर क्यूआर कोड के जरिए 38 हजार रुपए अलग-अलग किस्तों में जमा करवा लिए। दोनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महाकाल थाना क्षेत्र के खंदार मोहल्ला निवासी गौतम यादव को साइबर ठगों ने ऑनलाइन धमकाकर डराया। ठगों ने ऐसा दबाव बनाया कि पीड़ित के खाते से 43 हजार रुपए निकल गए। ठगी का पता चलने पर गौतम ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल से प्राप्त ई-शून्य प्राथमिकी की जांच के बाद महाकाल थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब ठगी में इस्तेमाल किए गए खाते और अन्य डिजिटल माध्यमों की जानकारी जुटा रही है।

500 डॉलर का लालच, क्यूआर कोड भेजकर ऐंठ लिए 38 हजार- दूसरी वारदात चिमनगंज थाना क्षेत्र में हुई। यहां एक युवक के पास ऐसे नंबर से कॉल आया, जो देखने में पाकिस्तान का लग रहा था। कॉल करने वाले ने युवक को 500 डॉलर भेजने का झांसा दिया। बातचीत के बाद ठग ने उसे क्यूआर कोड भेजा और अलग-अलग किस्तों में कुल 38 हजार रुपए अपने खातों में जमा करवा लिए। रुपए देने के बाद जब युवक को ठगी का अहसास हुआ तो उसने पुलिस से शिकायत की। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नंबर पाकिस्तान का है या वर्चुअल, जांच के बाद होगा खुलासा- मामले में सामने आए नंबर को लेकर पुलिस भी अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि नंबर देखने में पाकिस्तान का दिखाई दे रहा है, लेकिन इसे अभी वास्तविक पाकिस्तानी नंबर नहीं माना जा सकता। पुलिस ने संबंधित नंबर की जानकारी हासिल करने के लिए व्हाट्सऐप को ईमेल किया है। वहां से जवाब मिलने के बाद यह स्पष्ट होगा कि नंबर वास्तव में पाकिस्तान का है या भारत में बैठे किसी व्यक्ति ने वर्चुअल नंबर के जरिए कॉल की थी। दोनों मामलों में पुलिस ठगी के दौरान इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबर, बैंक खातों और डिजिटल लेनदेन की जानकारी जुटा रही है।

मजाक करने से रोका तो दोस्तों ने बुरी तरह पीटा

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। दोस्तों के साथ बैठकर शराब पी रहे युवक ने मजाक करने से रोका तो दोस्तों ने उसे डंडे और पाइप से बुरी तरह पीठ कर घायल कर दिया। पुलिस द्वारा मामले में मारपीट करने वाले पांच दोस्तों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

देवास गेट थाना क्षेत्र की हीरामिल चाल में रहने वाला विजय पिता महाराज वर्मा 40 साल हम्माली का काम करता है और अकेला रहता है। रात में वहां घर के बाहर ही शाहरुख, सैफू, मोटा भाई और दो अन्य के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इस दौरान उनके बीच मजाक चल रही थी दोस्तों ने विजय के कपड़े फाड़ दिए थे।

विजय ने दोस्तों को मजाक करने से रोका, तो उनके बीच गाली गलौज शुरू हो गई विवाद काफी बढ़ गया और दोस्तों ने विजय पर डंडे पाइप से हमला करते हुए बुरी तरह पीटा। रातभर विजय घर में घायल पड़ा रहा दोस्त उसे छोड़कर भाग निकले थे। आज सुबह पड़ोस में रहने वाला परिचित विजय के यहां पहुंचा तो उसमें लहूलुहान देखा। विजय को अस्पताल लाया गया है वहीं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर तीन नामजद और दो अन्य के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

चरित्र शंका में पति ने दराते से किया हमला

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। होटल में काम करने वाली पत्नी पर चरित्र शंका करते हुए पति ने दराते से हमला कर दिया। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा पति की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

ढांचा भवन में रहने वाली माला पति सुनील चौधरी 32 साल तीन बच्चों की मां है पति ई रिक्शा चलाता है। पति द्वारा घर खर्च नहीं दिया जाता है माल ही अपने तीन बच्चों का पालन पोषण कर रही है। लेकिन पति द्वारा उस पर चरित्र शंका करना शुरू कर दिया था जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगे थे माला ने होटल जाना बंद कर दिया था लेकिन घर खर्च में परेशानी आने लगी थी। रात में दोनों के बीच विवाद हुआ पति ने दराते से हमला कर दिया पत्नी माला गंभीर घायल हो गई उसे आसपास के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे पति घर से भाग निकला था। चिमनगंज थाना पुलिस द्वारा घायल महिला के बयान दर्ज कर पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

48 घंटे में ही नए सीएमएचओ ने ठुकराया पद

निजी-पारिवारिक दायित्वों का हवाला देकर शासन को भेजा पत्र- डॉ. अशोक पटेल की सेवानिवृत्ति के बाद डॉ. अनिल भार्गव को मिली थी जिम्मेदारी

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। जिला स्वास्थ्य विभाग में नए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) की नियुक्ति के साथ ही नया पेच खड़ा हो गया है। डॉ. अशोक पटेल के 30 सितंबर को सेवानिवृत्त होने के बाद सीएमएचओ की जिम्मेदारी संभालने के लिए नियुक्त किए गए डॉ. अनिल भार्गव ने पदभार ग्रहण करने से इनकार कर दिया है। नियुक्ति के महज दो दिन बाद ही डॉ. भार्गव के इस निर्णय से स्वास्थ्य विभाग में नए सीएमएचओ की तलाश शुरू हो गई है।

डॉ. भार्गव ने स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव, शासन और उज्जैन कलेक्टर को पत्र भेजकर सीएमएचओ का प्रभार संभालने में असमर्थता जताई है। उन्होंने इसके पीछे निजी और पारिवारिक दायित्वों को कारण बताया है।

व्यस्त पद की जिम्मेदारी लेने में असमर्थता जताई- डॉ. भार्गव ने पत्र में बताया कि वर्तमान में उनके सामने कुछ निजी एवं पारिवारिक दायित्व हैं, जिनका निर्वहन उनके लिए आवश्यक है। ऐसे में सीएमएचओ जैसे महत्वपूर्ण और व्यस्त पद की जिम्मेदारी संभालना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने शासन से आग्रह किया है कि उन्हें इस पद के प्रभार से मुक्त रखा जाए।

अब नए नाम पर हो रहा विचार- डॉ. पटेल की सेवानिवृत्ति के बाद जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के लिए डॉ. भार्गव को सीएमएचओ का दायित्व सौंपा गया था। उनके पदभार ग्रहण करने से पहले ही इनकार करने के बाद स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के सामने अब नए अधिकारी की नियुक्ति की स्थिति बन गई है। शासन स्तर पर नए सीएमएचओ के नाम को लेकर मंथन शुरू हो गया है। जल्द ही नए अधिकारी की नियुक्ति का आदेश जारी होने की संभावना है।

कृषि विज्ञान केंद्र उज्जैन में स्वच्छता पखवाड़ा संपन्न - 335 से अधिक कृषक, महिलाएँ एवं विद्यार्थी लाभान्वित

उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड। स्वच्छता यानी साफ-सफाई स्वस्थ जीवन की कुंजी है, जो हमें बीमारियों से बचाती है। यह उद्गार कृषि विज्ञान केंद्र, उज्जैन के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ए. के. दीक्षित ने स्वच्छता अभियान पखवाड़ा के समापन अवसर पर व्यक्त किए।

केंद्र में यह पखवाड़ा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2026 तक मनाया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता, जैसे नियमित रूप से हाथ धोना, और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखना – दोनों ही हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं।

कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रेखा तिवारी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रयास समाज में स्वच्छता की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने जनजागृति के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान में अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। साथ ही खेती में नरवाई न जलाने तथा फसल अवशेषों से जैविक खाद बनाने की व्यावहारिक विधियाँ बताईं।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 90 वर्षीय वरिष्ठ शिक्षाविद् श्री आर.बी. सिंह भदौरिया का अभिनंदन

उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन, आनंद विभाग, उज्जैन द्वारा 90 वर्षीय वरिष्ठ शिक्षाविद् श्री आर.बी. सिंह भदौरिया का अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। यह सम्मान उनके दीर्घ शैक्षणिक एवं सामाजिक योगदान, बच्चों को संस्कार और जीवन का सही मार्गदर्शन देने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पंडित राजेंद्र व्यास ने कहा कि वृद्धजन घर की समृद्धि हैं। उनका अनुभव परिवार और समाज की अमूल्य पूंजी है। उन्होंने कहा कि जिस परिवार में वरिष्ठजनों का सम्मान होता है, वहां संस्कार, अनुभव और जीवन-मूल्य पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ते हैं। आधुनिक जीवनशैली के दौर में नई पीढ़ी को अपने वरिष्ठजनों के अनुभव और जीवन-दृष्टि से सीखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर डॉ. श्यामसुंदर निगम स्वाध्याय मंडल, उज्जैन के प्रबुद्ध एवं वरिष्ठजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में श्री सूरजभान गुप्ता, श्री जियावन पटेल, श्री रामभक्त सोनी, श्री राम जी एवं श्री शंकरलाल गुप्ता का भी विशेष सम्मान किया गया। इस दौरान वरिष्ठजनों के जीवन-अनुभव, चिंतन और सामाजिक सरोकारों को लेकर आत्मीय संवाद हुआ।

शाही मस्जिद के 500 मीटर दायरे में बैरिकेडिंग, जुमे की नमाज पर कड़ा पहरा

सोमवार के उपद्रव के बाद पांचवें दिन भी सुरक्षा सख्त- आरएएफ-एसटीएफ-सीआरपीएफ की 3 कंपनियां तैनात

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। शाही मस्जिद के प्रभावित हिस्से को हटाने के दौरान सोमवार को हुए उपद्रव के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। सुबह से ही संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। शाही मस्जिद के आसपास करीब 500 मीटर तक बैरिकेडिंग कर आम लोगों की आवाजाही नियंत्रित की गई।

शुक्रवार को भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच शहर की सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज शांतिपूर्वक अदा हुई। शाही मस्जिद के आसपास पुलिस ने सुरक्षा का घेरा मजबूत रखा। सोमवार को जिस स्थान से पथराव हुआ था, वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। संवेदनशील इलाकों में जांच नाके बनाए गए और आने-जाने वालों पर नजर रखी गई। पुलिस अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

गुदरी से कंठाल तक आवाजाही रोकी- शाही मस्जिद की ओर जाने वाले प्रमुख रास्तों पर भी पुलिस ने आवाजाही नियंत्रित रखी। गुदरी चौराहा, कंठाल, खारा कुआं थाना और गेबी हनुमान मंदिर क्षेत्र के आगे लोगों को रोक दिया गया। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त जवान तैनात किए गए थे। पुलिस ने अनावश्यक भीड़ को आगे बढ़ने से रोकने के साथ ही आने-जाने वालों की जांच भी की।

तीन फोर्स की कंपनियां तैनात- एसपी प्रदीप शर्मा के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था के लिए आरएएफ, एसटीएफ और सीआरपीएफ की कुल तीन कंपनियां तैनात हैं। अतिरिक्त बल को संवेदनशील स्थानों पर लगाया गया है। इसका जिम्मा भीड़ नियंत्रण, क्षेत्र की निगरानी और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने का है।

8 ड्रोन और 100 सीसीटीवी कैमरों से नजर- सुरक्षा व्यवस्था के तहत 8 ड्रोन और करीब 100 सीसीटीवी कैमरों से पूरे संवेदनशील क्षेत्र पर नजर रखी गई। पुलिस ने प्रमुख रास्तों और आसपास के इलाकों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी। अधिकारियों ने मुस्लिम समाज के लोगों से चर्चा कर शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की।

नमाज के बाद भी सुरक्षा घेरा बरकरार- जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न होने के बाद भी संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा। सोमवार की घटना को देखते हुए प्रशासन ने एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत के अनुसार बल की तैनाती में बदलाव किया जाएगा।

रेलवे स्टेशन पर वारदात करने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। ट्रेन में यात्रा करने रेलवे स्टेशन पहुंचे दो यात्रियों के साथ हुई चोरी की वारदात करने वाले दो बदमाशों को जीआरपी और आरपीएफ की टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों के पास से 38 हजार रुपए का सामान बरामद किया है।

जीआरपी ने बताया कि गुरुवार को यात्रा के लिए रमेश जायसवाल प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंचा था और यात्री प्रतीक्षालय में बैठा था ट्रेन आने में देरी होने के चलते प्रतीक्षालय में भीड़ बढ़ गई थी। इसी दौरान अज्ञात बदमाश ने रमेश जायसवाल का मोबाइल चोरी कर लिया। दूसरी वारदात पार्सल बुकिंग विंडो के पास रामकन्या नामक महिला के साथ हुई अज्ञात बदमाश द्वारा बेग से सोने का मंगलसूत्र और नगदी चोरी कर लिए थे।

यात्रियों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया और आरपीएफ टीम के साथ मिलकर प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे गए। 12 घंटे बाद ही दोनों वारदात करने वाले बदमाशों की पहचान कर ली गई। रेलवे स्टेशन परिसर के पास से तेजकरण पिता लालजीराम 42 वर्ष निवासी पटवारी कालोनी थाना कोतवाली जिला शाजापुर और जितेन्द्र उर्फ राजा पिता बद्रीलाल विश्वकर्मा 38 साल निवासी ग्राम बरलाई क्षिप्रा खेडा थाना क्षिप्रा जिला इंदौर को गिरफ्तार किया गया। दोनों की निशानदेही पर सोने का मंगलसूत्र, सैमसंग कंपनी का मोबाइल और कुछ नगदी बरामद कर ली गई। जीआरपी के अनुसार दोनों के आपराधिक रिकॉर्ड पता किया जा रहे हैं आज न्यायालय में पेश किया जाएगा। 12 घंटे में दोनों बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता, आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र यादव, एएसआई अवधेश तिवारी, प्रधान आरक्षक नवीन जायसवाल, आरक्षण होमेंद्र शर्मा, राहुल राजपूत, रजत चौहान का योगदान रहा।

हत्या के दोषी पति को उम्रकैद, 50 हजार का जुर्माना

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। घट्टिया क्षेत्र में चरित्र शंका के चलते पत्नी की तलवार से हत्या करने वाले आरोपी पति को न्यायालय ने आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश राकेश बंसल के न्यायालय ने आरोपी जगदीश पिता बिहारीलाल भारती (50), निवासी दुर्गा कॉलोनी, घट्टिया को धारा 103(1) बीएनएस के तहत दोषी ठहराते हुए 50 हजार रुपए अर्थदंड से भी दंडित किया। अभियोजन के अनुसार 25 नवंबर 2024 की रात तुलाहेड़ा रोड स्थित मकान में आरोपी जगदीश ने अपनी पत्नी शिवानी उर्फ मंजू पर तलवार से वार कर उसकी हत्या कर दी थी। सुबह आरोपी ने स्वयं पुलिस को पत्नी की हत्या करने की सूचना दी थी। मृतका के भाई शुभम ने पुलिस को बताया था कि उसकी बहन की कुछ माह पहले ही जगदीश से दूसरी शादी हुई थी। शादी के बाद आरोपी चरित्र पर संदेह करते हुए उसे प्रताड़ित करता था। घटना से एक दिन पहले भी शिवानी ने फोन कर भाई को बताया था कि पति उसे परेशान कर रहा है और जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसने भाई से उसे लेने आने के लिए कहा था। अगले दिन शिवानी की हत्या की सूचना मिलने पर परिजन घट्टिया पहुंचे, जहां वह कमरे में बिस्तर पर मृत मिली। उसके गर्दन, गले, गाल, कंधे और पीठ पर धारदार हथियार से गंभीर चोटों के निशान थे। पुलिस ने जांच पूरी कर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नितेश कृष्णन ने पैरवी की। उप-निदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के मार्गदर्शन में हुई प्रभावी पैरवी के बाद न्यायालय ने आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास और 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयुष्मान भारत निरामयम् से श्यामुबाई को लौटी स्पष्ट दृष्टि

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के दौरान जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने का संदेश माकड़ोन, तहसील तराना निवासी श्रीमती श्यामुबाई पति श्री बाबुलाल (उम्र 45 वर्ष) की सफलता की कहानी से और पुष्ट हुआ है।

आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के अंतर्गत निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद उन्हें आँखों की स्पष्ट रोशनी वापस मिल गई है।

श्यामुबाई लंबे समय से आँखों में धुंधलेपन की समस्या से ग्रसित थीं। बहुत कम दिखाई देने और देखने में अधिक जोर पड़ने के कारण अक्सर सिर में दर्द भी रहता था। परिजन जब उन्हें जांच के लिए अस्पताल ले गए, तो चिकित्सकों ने दोनों आँखों में मोतियाबिंद पाया। चिकित्सकों ने बताया कि समय पर ऑपरेशन हो जाए तो दृष्टि सामान्य हो सकती है और परेशानी दूर हो जाएगी।

मजदूरी करने वाली श्यामुबाई के परिवार के सामने खर्च की चिंता थी। चिकित्सकों ने आश्वस्त किया कि आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के अंतर्गत ऑपरेशन पूर्णतः निःशुल्क होगा और उन्हें एक रुपया भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। इस बात से प्रेरित होकर परिजन इलाज के लिए तैयार हो गए।

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, जिला उज्जैन द्वारा श्यामुबाई को आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज, उज्जैन में भर्ती करवाकर मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन करवाया गया। ऑपरेशन का संपूर्ण व्यय आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के तहत शासन द्वारा वहन किया गया। यह उपचार सेवा संकल्प अभियान की उसी भावना से जुड़ता है, जिसके अंतर्गत पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना और स्वास्थ्य सेवा को उनके द्वार तक ले जाना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। अभियान के दौरान 2 से 10 अक्टूबर तक चल रही 'सेवा मेरा योगदान' गतिविधियों में स्वास्थ्य शिविर, नेत्र परीक्षण और शासन की स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी शामिल है। ऑपरेशन के बाद श्यामुबाई पूरी तरह स्वस्थ हैं और स्पष्ट देख पा रही हैं। अब दूसरी आँख पर अधिक जोर नहीं देना पड़ता। उनके परिजन शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि आयुष्मान भारत निरामयम् के कारण ही वे निःशुल्क ऑपरेशन करवा सके और श्यामुबाई को फिर से रोशनी मिल सकी।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा)

समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश
किसान कल्याण वर्ष 2026
सहकार से समृद्धि
सांची Sanchi
गौपालक सम्मेलन
मुख्य अतिथि
अमित शाह
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
भूमिपूजन
₹255 करोड़ का डेयरी प्लांट, उज्जैन
लोकार्पण
फर्मेंटेड मिल्क प्रोडक्ट प्लांट एवं
राज्यस्तरीय केन्द्रीय गुणवत्ता लैब, भोपाल
मिनी डेयरी संयंत्र, शिवपुरी
हितलाभ वितरण
दुग्ध संघ के पशुपालकों को बोनस
गौशालाओं को सहायता
कामधेनु योजना स्वीकृति पत्र वितरण
सम्मान
गौपालक दीदियों का
3 अक्टूबर 2026
बीएचईएल, दशहरा मैदान, भोपाल
मिल्क कैपिटल बनेगा मध्यप्रदेश
9% से 20%
देश के कुल दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य
₹2,973 करोड़ की
दुग्ध उत्पादन और डेयरी क्षेत्र के विकास के लिए योजनाओं को मंजूरी
26,000 गांवों में
दुग्ध सहकारी समितियों के नेटवर्क के विस्तार का लक्ष्य
10 लाख से 50 लाख लीटर प्रतिदिन
अगले 5 वर्षों में दुग्ध संकलन करने का लक्ष्य
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
D11132/26